डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

पेज 12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

वैशाख शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 20 मई 2024, वर्ष-30, अंक-211, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com







**सेंसेक्स**
74,005.94 +342.22

**डॉलर**
83.302 -0.175

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 73,950
01 किलो 91,180

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# उद्योगपतियों के खिलाफ नक्सलियों की भाषा बोल रहे कांग्रेस-झामुमो : मोदी

- **ऐसे में झारखंड राज्य में कौन उद्योगपति, निवेशक आएगा और कौन उद्योग लागएगा : पीएम**
- **कांग्रेस-झामुमो को देश के विकास से मतलब नहीं, युवाओं के सपनों से मतलब नहीं**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड की जमशेदपुर लोकसभा सीट के घाटशिला में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जोरदार हमला बोला। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे व झामुमो नेता नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं। वे उद्योगों और उद्योगपतियों पर लगातार हमला कर रहे हैं। नक्सली बिना पैसा लिए उद्योगपति को कोई काम नहीं करने देते थे। हमने उन नक्सलियों की कमर तोड़ दी, लेकिन अब कांग्रेस और झामुमो ने उन नक्सलियों की जिम्मेदारी उठा ली है। इन्हें उद्योगों के विकास से नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि समाज, देश के विकास में उद्यम, उद्योगपतियों और निवेशकों का बड़ा रोल होता है। जमशेदपुर का तो नाम ही टाटा से जुड़ा है। फिर भी यहां के मुख्यमंत्री कहते हैं उन्हें उद्योगपतियों की जरूरत नहीं वे खुद विकास कर लेंगे।

पीएम ने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस के शहजादे उद्योगपतियों और निवेशकों का विरोध करेंगे, तो तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, झारखंड जैसे राज्यों में जहां कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियों की सरकारें हैं, कौन निवेशक जाएगा और कौन उद्योग लगाएगा? प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश शेष पृष्ठ 11 पर




### झारखंड का नाम आते ही नोटों की गड्डी की याद आती है

मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए बहुत काम किए। बिरसा मुंडा की जयंती पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा। आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया, जिसका विरोध कांग्रेस ने किया। झारखंड अकूत खनिज संपदा से भरा पड़ा है। आज झारखंड का नाम आते ही सबके जेहन में यहां मिलने वाले नोटों के पहाड़ का भी ध्यान आता है। यह भी कि इसके चलते यहां के अफसर जेल में हैं। एक पूर्व मुख्यमंत्री जेल में हैं। कांग्रेस झामुमो के लोगों ने काली कमाई से नोटों का ढेर लगा रखा है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। टू जी घोटाला, कोयला घोटाला इनके समय हुआ। आरजेडी ने नौकरी के बदले गरीबों से उनकी जमीनें लिखवा ली और झामुमो ने उनसे यही चरित्र सीखा। झामुमो ने झारखंड में जमीन घोटाला किया, गरीब आदिवासियों की जमीनें हड़पीं और सेना की जमीन हड़पने की कोशिश की।

### लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में 8 राज्यों की 49 सीटों पर होगी वोटिंग

# कोडरमा, हजारीबाग व चतरा में वोटिंग आज

- **इस चरण में 8.95 करोड़ मतदाता और 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र**
- **4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 तृतीय लिंगी मतदाता**
- **चार चरणों में 23 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की 379 सीटों पर वोटिंग संपन्न**
- **17 विशेष रेलगाड़ियां और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानों की व्यवस्था की गई**

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में सोमवार को कोडरमा, हजारीबाग व चतरा में वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह 07 से शाम 06 बजे तक चलेगा। इसे लेकर मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मी अपने-अपने निर्दिष्ट बूथ पर पहुंच चुके हैं। कई बूथों के लिए रविवार को भी मतदानकर्मी ईवीएम व वीवीपैट के साथ रवाना हुए। राजधानी से इस पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं देश के अन्य सात शेष पृष्ठ 11 पर



### 49 में से 39 सामान्य, 3 एसटी तथा 7 एससी सीट

इन 49 सीटों में से सामान्य के लिए 39 और तीन एसटी तथा सात एससी के लिए आरक्षित हैं। वहीं ओडिशा में 35 विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य के लिए 21 और 08 एसटी तथा 06 एससी के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 4.69 करोड़ पुरुष, 4.26 करोड़ महिला और 5409 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता और 100 वर्ष से अधिक आयु के 24,792 मतदाता और 7.03 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है।

## भाजपा झारखंड को 20 वर्षों तक लूटती रही : कल्पना सोरेन




### 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना से जोड़ने का कार्य शुरू किया

ब्यूरो रिपोर्ट

**धनबाद।** झामुमो स्टार प्रचारक और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को धनबाद लोकसभा से इंडी गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में आयोजित कई चुनावी सभाओं में संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने 20 वर्षों तक झारखंड को सुनियोजित ढंग से लूटने का काम किया, लोगों को योजनाओं से दूर करने का काम किया। आपके पास अगर भाजपा-आजसू वाले पेंशन की बात लेकर आएंगे और बोलेंगे कि पेंशन उन्होंने दिया,तो साफ उनसे बोल दीजिएगा कि पेंशन उन्होंने नहीं, आपके बेटे और भाई हेमन्त सोरेन ने दिया है। बचपन में हेमन्त सोरेन ने अपनी मां को संघर्ष करते हुए देखा था, उन्होंने पता था कि महिलाओं को क्या संघर्ष होता है। इसलिए यह हेमन्त सोरेन की संवेदनशीलता ही थी कि जरूरतमंद माताओं-बहनों के लिए पेंशन की उम्र 60 से घटाकर 50 वर्ष कर दिया। हेमन्त ने बुजुर्गों और माताओं-बहनों को पेंशन का मान-सम्मान देने का काम किया। कल्पना ने कहा कि भाजपा को झारखंड से शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो चुकी है। इसी बीच सिखों के सबसे पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं, हेमकुंड साहिब मार्ग से बर्फ हटाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। चारधाम यात्रा में हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हेमकुंड साहिब के लिए श्रद्धालुओं की संख्या सीमित करने का निर्णय लिया है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने फैसला किया है कि इस बार हेमकुंड साहिब के कपाट खुलने पर हर दिन 3,500 श्रद्धालु ही दर्शन करने के लिए जा सकेंगे। कमेटी का कहना है कि अभी हेमकुंड साहिब में बहुत बर्फ है, जिसके चलते अभी श्रद्धालुओं की संख्या को सीमित करने का फैसला किया गया है।

### मणिपुर में गोली मारकर झारखंड के मजदूर की हत्या, दो घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर झारखंड के एक मजदूर की हत्या कर दी और दो को घायल कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार रात नाओरेमथोंग इलाके में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमलावरों ने एक निर्माण कंपनी के तीन मजदूरों को उनके किराए के आवास से बाहर निकाला और गोली मार दी। हमले में 41 वर्षीय श्री राम हंगसदा की मौत हो गई। घायलों का इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## ईरान के राष्ट्रपति रईसी के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, हादसे की आशंका

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहे हेलीकॉप्टर की आपात (हार्ड) लैंडिंग कराई गई। ईरान की सरकारी मीडिया ने इस संबंध में कोई आधिकारिक ब्यौरा दिए बिना केवल इतनी जानकारी दी है। हालांकि इस आपात लैंडिंग को लेकर हादसे की आशंका जताई जा रही है। ईरानी सरकारी टेलीविजन के मुताबिक किसी विमान या हेलीकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग से तात्पर्य उसकी अनियंत्रित और अव्यवस्थित लैंडिंग होता है। कुछ लोगों ने जनता से रईसी और हेलीकॉप्टर में सवार अन्य लोगों के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया है। यह घटना तब हुई है, जब रईसी और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरान ने पिछले महीने ही इजराइल पर एक जबरदस्त ड्रोन और मिसाइल हमला किया था। सरकारी टीवी ने कहा कि यह घटना ईरान की राजधानी तेहरान से लगभग 600 किलोमीटर (375 मील) उत्तर-पश्चिम में अजरबैजान देश की सीमा पर स्थित जुल्फा शहर के निकट हुई। बाद में हालांकि टीवी ने बताया कि यह घटना उजी के निकट हुई है। जानकारी के अनुसार रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन, ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत के गवर्नर और अन्य अधिकारी तथा अंगरक्षक भी यात्रा कर रहे थे।

### गोड्डा में पेट्रोल छिड़ककर गर्भवती महिला को जिंदा जलाया, एक गंभीर

**गोड्डा।** जिले के पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के अमुवार दिकवानी गांव में शनिवार रात में सोए दो बहनों को जिंदा जलाने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। घटना में एक आठ माह की गर्भवती महिला निशा देवी की घटनास्थल पर ही झुलस कर मौत हो गई जबकि उसकी बहन पायल कुमारी (14) को गंभीर स्थिति में गोड्डा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने अपने दामाद विकास बगवै पर पेट्रोल छिड़क कर जलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है तथा पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

## स्वाति मालीवाल मामला : पुलिस ने सीएम केजरीवाल के आवास से डीवीआर सीज किया

**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी और मारपीट के मामले की जांच के क्रम में दिल्ली पुलिस ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास का डिजिटल वीडियो रिकॉर्ड (डीवीआर) सीज कर लिया। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार ने 13 मई को सीएम आवास के भीतर उनके साथ बदसलूकी की और उन्हें पीटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में एक स्थानीय अदालत ने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस टीम ने घटना के फुटेज प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री आवास से डीवीआर तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किये हैं। उनका कहना है कि कुमार पूछताछ के दौरान साफ-साफ जवाब नहीं दे रहे हैं। पुलिस ने अदालत को बताया था कि उसे जो सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराया गया है वह ब्लैंक है। कुमार ने अपना मोबाइल फोन पुलिस को दिया लेकिन पासवर्ड नहीं बताया। इसके अलावा कुमार ने खराबी का बहाना बनाकर एक दिन पहले अपना मोबाइल फॉर्मेट कर दिया था। पुलिस ने अदालत को बताया कि फोन को फॉर्मेट करने से पहले उसके डाटा को क्लोन करना होता है। इसलिए, उनके फोन के डाटा को वापस हासिल करने के लिए उन्हें मुंबई ले जाया जाएगा क्योंकि डाटा रिट्रीव करने के लिए विशेषज्ञों के समक्ष उनकी उपस्थित जरूरी है। पुलिस ने मामले में छेड़छाड़ और गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। सिविल लाइंस थाने में दर्ज मामले में आईपीसी की धारा 308 (गैर-इरादतन हत्या), 341 (गलत तरीके से रोकना), शेष पृष्ठ 11 पर



### 5 दिन की पुलिस रिमांड पर बिभव कुमार

नई दिल्ली। स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीएस विभव कुमार को अदालत में पेश किया गया। तीस हजारी कोर्ट में शनिवार रात हुई सुनवाई में विभव को 5 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया। दिल्ली पुलिस ने 7 दिनों की रिमांड मांगी थी। तीस हजारी कोर्ट में दो घंटे तक दोनों पक्षों की तरफ से दलीलें पेश की गईं, इसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

## इंडिया

# असंभव वायदों की होड़ के बीच समापन की ओर चुनाव



सुनील बादल

> कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है।

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की ओर बढ़ते ही चुनावी सरगर्मी बढ़ रही है। लगभग सभी राजनीतिक दलों में किसी भी हाल में जीतने के लिए झूठे, असंभव -आधारहीन, भ्रामक एवं बेबुनियाद वादे करने की आपसी होड़ बढ़ती जा रही है। राजनीतिक दल चार चरणों के बाद जिस तरह के जीत के तथ्य प्रस्तुत कर रहे हैं, वह हास्यास्पद एवं अविश्वसनीय है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के 4 चरण पूरा होने के बाद इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है और चार जून के बाद सरकार बनाएगा। इसी तरह ममता बनर्जी, अरविन्द केजरीवाल एवं अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की करारी हार की बात कही है। वर्ष 2019 के चुनाव के दौर भी इन नेताओं ने ऐसे ही बयान दिये थे, जो चुनाव परिणाम के बाद झूठे साबित हुए। इस तरह के अतिश्योक्तिपूर्ण, आधे-अधूरे, सत्यता से परे के बयानों से राजनीतिक दलों की विश्वसनीयता अपने निचले पायदान पर पहुंच चुकी है और तेजी से घट रही है। जिस प्रकार विभिन्न दलों के नेताओं की भाषा, बयान एवं लोकलुभावन वायदे निम्न स्तर पर पहुंच रहे है, उसे देखकर कहा जा सकता है कि हमारे लोकतंत्र का स्वास्थ्य कहीं-ना-कहीं खराब जरूर हो रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) के वादे और उनके काम के बीच फासला लगातार बढ़ता रहा है, देश की भोली भाली जनता को आपका बेटा, आपकी बेटी कहकर सहानुभूति पाने की उसकी कुचेष्ठाओं का पदार्पाश पहले ही हो गया है।

आप ने अपने कामकाज के तरीके में पूरी पारदर्शिता का वादा किया था, लेकिन लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन में इसका ख्याल नहीं रखा गया है। हाल ही में पंजाब की चुनावी सभाओं में पार्टी नेता अरविन्द केजरीवाल ने बृजभूषण पर तो गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा को दागगार घोषित किया लेकिन वे अपने ही मुख्यमंत्री निवास पर राज्यसभा सांसद एवं पूर्व दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीमाल के साथ हुई मारपीट एवं अशिष्टता को भूल गये। निश्चित ही आप की कथनी और करनी में गहरा फासला है। इन्हीं केजरीवाल ने जनता को गुमराह करने एवं ठगने के लिये पिछले गुजरात के विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान एक सादे कागज पर अपने हस्ताक्षर करते हुए गुजरात में आप की सरकार बनने का दावा किया, जबकि उन चुनावों में आप के 4-5 सीटों पर जीत के अलावा सभी सीटों पर आप उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी थी। एक बार फिर इन लोकसभा चुनावों में वे ऐसा ही करते हुए झूठे दावे कर रहे हैं। इससे आप पार्टी की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता के दावों पर सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में दावा किया है कि उनकी पार्टी 2009 के आम चुनाव से बेहतर प्रदर्शन करेगी। यह दावा वास्तविकता से कोसों दूर है और राजनीतिक हलकों में उपहास का विषय बन गया है। जब कांग्रेस ने इन चुनावों में कोई लक्ष्य ही तय नहीं किया है तो कौन से लक्ष्य को पाने एवं जीत की बात कांग्रेस कर रही है? जैसे भाजपा ने 400 पार का लक्ष्य बनाया है, क्या कांग्रेस का ऐसा कोई लक्ष्य है? पार्टी के कार्यकर्ता बिना लक्ष्य के किसे अपना मिशन बनाये? कांग्रेस का एक दावा ये भी है कि वो लोकसभा में साफ सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को उतार रही है लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। कई उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार के उन आरोपों के बाद भी टिकट दिए गए हैं जिसकी जांच सीबीआई कर रही है।



हाल के दिनों में, प्रत्येक राजनीतिक दल के घोषणापत्र में वादों की लंबी चौड़ी फेहरिस्त सामने आयी है। जबकि अतीत में किए उनके काम बताते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे अपने घोषणा पत्र के कुछ ही हिस्सों को लागू कर पाते हैं। जो सत्ता में नहीं आ पाते वो अपने घोषणापत्र को कूड़े के डब्बे में डाल देते हैं। विडंबना तो यह भी है कि जिन दलों को चुनाव जीतने की आशा नहीं है, वे बेतुके वायदे एवं घोषणाएं करके आम मतदाता को भ्रमित करते हैं। शुरूआत से ही राजनीतिक दल वादे इसलिए करते हैं कि लोग उन्हें सत्ता की चाभी सौंपें। लेकिन चुनावी मौसम में राजनीतिक दल और राजनेता अपने अपने कामों के बारे में बढ़ चढ़कर दावे करते हैं और उन्हें भरोसा रहता है कि मासूम और भोली जनता उनके दावों पर यकीन कर लेगी, इसलिए वे लुभावने वादों की झड़ी लगा देते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने उत्तरप्रदेश की एक सभा में चार चरण पूरे होने के बाद भाजपा के 5 किलो मुफ्त अनाज की जगह 10 किलो मुफ्त अनाज की घोषणा कर है। बेवक्त पर की गयी यह घोषणा भी पार्टी की अपरिपक्वता को उजागर कर रही है। हालांकि ऐसे वादे हमेशा खाली जाते हैं या अधूरे रहते हैं। वादे करने का मतलब उसे पूरा करना ही नहीं होता। अतीत में, कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ के नारे के साथ 1971 का चुनाव जरूर जीता था। लेकिन लगातार दो बार सत्ता में आने के बाद भी देश से गरीबी नहीं हटी क्योंकि ज्यादातर सरकारी योजनाएं आम गरीबों तक पहुंची ही नहीं। अतीत गवाह है विगत दावों और वादों की हकीकत का। हालांकि यह देखना बाकी है कि किसने सबक लिया और कौन अपने वादों और दावों के प्रति गंभीर रहेगा। हालांकि सारे आश्वासन एकतरफा भाषण की तरह है प्रेस वार्ता होने पर पूछा जा सकता था कि सारे वादे पूरे करने के लिए धन कैसे और कहां से आएगा।

## एक नजर

### मंदबुद्धि युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत चनकार कस्तूरी गांव के टोला नोनियाडीह में शनिवार की रात को करीब आठ बजे एक 19 वर्षीय काजल कुमारी नामक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस ने रविवार को शव अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया। इस संबंध में युवती के दादा दीपन चौहान ने बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी,वह मंदबुद्धि की थी। परिवार ने किसी तरह के विवाद से इंकार किया है। वैसे इस घटना की छानबीन में पुलिस जुट गई है। उधर, हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम द्दष्टया यूडी केस दर्ज की जाएगी।

### उपडाकपाल के खिलाफ शिकायत की

**हुसैनाबाद।** शहर के निवासी संतोष कुमार गुप्ता ने जपला सिमेंट फैक्ट्री उपडाकघर के उपडाकपाल सुनील सिंह के खिलाफ किसान विकास पत्र के द्वितीय प्रति निर्गत करने को लेकर एक वर्ष से टालमटोल करने व नाजायज रकम मांगने की शिकायत की है। संतोष ने बताया कि उनके नाम नौ हजार रुपये का खरीदा गया किसान विकास पत्र कहीं खो गया है। इसके लिए गत एक वर्ष से उपडाकघर का चक्कर लगाने के दौरान उपडाकपाल अनसुनी करते आ रहे हैं। जपला मुख्य डाकघर के डाकपाल अरविन्द ओझा से पूछने पर बताया गया कि संतोष का आवेदन जपला सिमेंट फैक्ट्री उपडाकघर से निर्गत ही अब तक नहीं किया गया है। उन्होंने प्रधान डाकघर को क्यों नहीं भेजा, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# न्याय की आस में भटकती रही दलित महिला मानव तस्करों के झांसे में पति की चली गई जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में मजदूरी के लिए मानव तस्करों के झांसे में फंसे एक दलित परिवार का मामला प्रकाश में आया है। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कटैया गांव की उर्मिला देवी के पति बिसुनदेव? राम के साथ जो हुआ वह तो वाकई चौंकाने वाली घटना है। इस घटना ने मानव तस्करों और पुलिसिया कार्रवाई की पोल खोल कर रख दी है।

मामला बीते 5 मई का है जब महाराष्ट्र के औरंगाबाद में मजदूरी के लिए उर्मिला के पति बिसुनदेव राम को ठेकेदारी में काम दिलाने बालेंदु राम ट्रेन से ले गया। सीधे सादे और अनपढ़ बिसुनदेव को क्या पता था कि रोजगार के तलाश में महाराष्ट्र की यह यात्रा उसकी अंतिम यात्रा में परिवर्तित होने वाली है। उसे तो अपने गरीबी में रह रहे परिवार को रोटी और कपड़ा देने की खुशी थी कि चार पैसे आएंगे तो पत्नी और बच्चे घर चला पाएंगे। ठेकेदार बालेंदु की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर बिसुनदेव खुशी-खुशी आंखों में नये सपने लिए उसके साथ चला गया।



बिसुनदेव राम का फाइल फोटो

7 मई को बिसुनदेव के बेटे लवकुश के मोबाइल पर 8097710915 से एक फोन रात में आता है जो बताता है कि आपके पिताजी के पास कोई पैसा नहीं है और यह हमारे पास है मनमाड़ स्टेशन पर। उस व्यक्ति ने कहा कि मैं कटिहार का रहने वाला हूं और आपके पिताजी को लेकर दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन तक आ रहा हूं इसलिए 820/- भेज दिजीए ताकि इनका टिकट बनवा लें। इस पर परिवार वालों ने उस अनजान व्यक्ति के बताए एक दूसरे मोबाइल नंबर 9850576844 पर पैसे भेज दिएं।

8 मई को बिसुनदेव के परिजन दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन पहुंच कर इंतजार करते रहे लेकिन कोई नहीं पहुंचा। परिजनों ने उस नंबर पर फोन किया जिस पर पैसे भेजे और जिससे फोन आया था लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। शाम को लगभग 6 बजे फोन रिसीव किया गया तो कहा गया कि बिसुनदेव का जनरल टिकट था लेकिन वो एसी में बैठे हुए थे और टीटी ने पकड़ लिया है इसलिए 1500/- फाईन देना होगा। इस बात पर परिजनों को संदेह हुआ तो उन्होंने बिसुनदेव से बात कराने को कहा लेकिन तब ठगो ने फोन काट दिया।

थक हार कर बिसुनदेव के परिजन उसकी खोज और गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाने महाराष्ट्र के मनमाड़ रवाना हो गए। जब परिजन भुसावल तक पहुंचे तो पता चला कि बिसुनदेव भूखे-प्यासे किसी तरह बिहार के सासाराम पहुंच गया है। तब परिजनों ने सासाराम में अपने रिश्तेदारों को फोन कर बिसुनदेव? को सकुशल बरामद किया।

> सीधे सादे और अनपढ़ बिसुनदेव को क्या पता था कि रोजगार के तलाश में महाराष्ट्र की यह यात्रा उसकी अंतिम यात्रा में परिवर्तित होने वाली है। उसे तो अपने गरीबी में रह रहे परिवार को रोटी और कपड़ा देने की खुशी थी कि चार पैसे आएंगे तो पत्नी और बच्चे घर चला पाएंगे।

किसी तरह ट्रेन बदल-बदल अलग-अलग स्टेशन होते हुए परिजनों ने सासाराम तक वापसी की तो रास्ते में ही पता चला कि बिसुनदेव की मौत हो गई है। 14 मई को उसका अंतिम संस्कार शव को सासाराम से पलामू लाकर किया गया। बिसुनदेव की मौत न सिर्फ सवालों के घेरे में है बल्कि गरीबी और भूखमरी के कारण मजदूरों के पलायन की एक दुखद दास्तान को भी बयां करती है।

### ट्विटर पर प्रीतम भाटिया ने की थी अपील

बिसुनदेव के मनमाड़ स्टेशन से लापता होने की जानकारी मिलते ही राज्य के युवा पत्रकार और समाजसेवी प्रीतम भाटिया ने ट्विटर पर फोटो सहित अपील करते हुए रेलवे पुलिस के अलावा मुख्यमंत्री,श्रम मंत्री,महाराष्ट्र और झारखंड पुलिस को टैग कर सूचित किया था। इसके बावजूद इस गंभीर मामले पर किसी भी विभाग या व्यक्ति विशेष ने संज्ञान नहीं लिया। एक ओर जहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मजदूरों को कोरोनाकाल में किसी तरह अपने घर तक पहुंचा रहे थे तो वहीं एक लापता मजदूर के लिए ट्विटर पर फोटो सहित संदेश देने पर संज्ञान तक नहीं लिया जाना दुखद है। अगर इस ट्वीट पर दोनों राज्यों और रेलवे पुलिस ने गंभीरता दिखाई होती तो शायद आज एक दलित और गरीब की जान बच गई होती।

### मौत के बाद प्राथमिकी के लिए भटकती रही उर्मिला

बदनसीबी और भूखमरी ने बिसुनदेव की जान तो ले ही ली लेकिन उसके परिजनों ने भी काफी कष्ट उठाएं होंगे।झारखंड से महाराष्ट्र तक भटकते एक परिवार को अंततः लाश ही देखने को मिली।इसके बावजूद उर्मिला की बदनसीबी तो देखिए जहां उसके अपने ही गृह जिले में न्याय के लिए वह 17 मई को हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सुबह से शाम तक बैठी रही। थाना प्रभारी ने मामला दर्ज करने के बजाए पहले तो टाल-मटोल करते रहे फिर दूसरे राज्य का मामला बताकर पल्ला झाड़ लिया।

### क्या है हाईकोर्ट के अधिवक्ता तरूण सिन्हा की राय?

रांची से हाईकोर्ट के अधिवक्ता तरुण सिन्हा ने इस मामले में दलित उत्पीड़न के साथ ही ठगी के लिए आईटी एक्ट और मानव तस्करी के लिए विभिन्न धाराओं के अंतर्गत अपराध मामला बनने की बात कही है।उन्होने बताया है कि बिसुनदेव? का मामला धारा 370/420/406/304/379 भादवि और 66 आईटी एक्ट के तहत दर्ज होना चाहिए था जो कि संज्ञेय अपराध के साथ ही गैरजमानतीय भी है।

श्री सिन्हा ने कहा कि एक दलित महिला को प्राथमिकी के लिए घंटों थाना में बैठाकर इंकार कर देने पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी पर भी एसटी एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है।

एक ओर जहां पुलिस इस मामले में घटनास्थल राज्य से बाहर होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रही है तो वहीं तरूण सिन्हा इस मामले में बिसुनदेव? को घर से ले जाने और फिर टिकट के नाम पर पैसे का ट्रांसफर ग्राम कटैया से होने पर पीओ हरिहरगंज थाना क्षेत्र ही बता रहे हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### हरिहरगंज में न्यू विकास होटल का हुआ उद्घाटन



**हरिहरगंज।** शहर के न्यू बस स्टैंड एनएच 98 किनारे स्थित न्यू विकास होटल का शुभारंभ किया गया। होटल का उद्घाटन रविवार को समाजसेवी रामप्रसाद साव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर में ऐसे होटल की जरूरत थी। जो लोगों की अपेक्षाओं को पूरा कर सके। वहीं संचालक विकाश कुमार ने कहा कि शहरवासियों की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा की गुणवत्ता युक्त स्वादिष्ट एवं लजित व्यंजन लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर अकाश कुमार साव, प्रमोद कुमार साव, विनोद ठाकुर, अमित कुमार, प्रकाश कुमार, तारा कुमारी, नयन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### भीषण गर्मी व लू के थपेड़ों से जनजीवन अस्त व्यस्त

**मेदिनीनगर।** पिछले दो दिन से आसमान से बरस रही आग और लू के थपेड़ों के साथ चल रही गर्म हवाओं ने लोगो का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया। भीषण गर्मी से सभी लोग बेहाल दिखे। अधिक भीड़- भाड़ वाले स्थानों पर सन्नाटा दिखा। मौसम बार-बार बदल रहा है। पिछले दिनों कभी बादल तो कभी धूप निकलने का सिलसिला जारी रहा। ऐसे मौसम के बीच तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। इससे गर्मी से कुछ राहत मिली, लेकिन अब गर्म हवाओं ने सबका जीना मुहाल कर दिया है। बिजली कटने के बाद घरों में भी लोगों को चैन नहीं मिल पा रहा है। गांवों में तो लोग गर्मी से निजात पाने के लिए पेड़ों के छांव को सहारा ले रहे हैं। वहीं तापमान 42 और न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बदन झुलसा देने वाली गर्मी से हर जनमानस के साथ ही पशु-पक्षी भी परेशान हैं। जो लोग पैदल या फिर बाइक से किसी काम के लिए घरों से निकले तो वह अपने चेहरे को अच्छी तरह से ढके हुए थे, ताकि लू का असर न पड़े। दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक तो गलियों, सड़को, बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी का पशु पक्षियों पर भी प्रभाव देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों इलाको में लोग अपने पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए गांवों में बने तालाबो पर लेकर जा रहे है।

**गर्मी से बचाव के लिए इन बातों पर करे अमल :** डॉ. राजेश कुमार ने आमजन से आह्वान किया कि वे इस गर्मी के मौसम में अपना बचाव रखे। उन्होंने बताया कि लू से बचाव के लिए गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं- भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी आदि का सेवन कर तरोताजा रहें।

# पानी की लालच में पहुंच रहे हैं गांव की ओर नीलगाय



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड में भीष्म गर्मी की रफ्तार पकड़ रही है। नदी, तालाब, कुआं सब सूखे पड़े हुए है। जंगली क्षेत्र के जीव जंतु जंगल से निकलकर पानी की लालच में गांव की तरफ दौड़ रहे हैं। राजहरा पंचायत के जंगल से दर्जनों के झुंड में नीलगाय गांव में पानी का प्यास बुझाने के लिए गांव पहुंच रहे हैं। जिससे फसल पर भी नुकसान पंहुचाते हैं। नील गाय के डर से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में खौफ सा बना हुआ है।

### युवक की नहाने के क्रम में मौत

**रंका ।** थाना क्षेत्र के लुकुम्बार गांव निवासी लालमुनी यादव के 21 वर्षीय पुत्र विनय यादव व पुनेश यादव के 15 वर्षीय पुत्र धनंजय यादव रविवार को कच्चा कुआं में नहाने के क्रम में मौत हो गया। दोनों का शव कुआं से पुलिस ने बरामद कर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। परिजन ने बताया कि सुबह में रोज की तरह घर से बकरी चराने जाते थे। दोनों बकरी लेकर जंगल के पास चारा रहे थे। दोपहर में 12 बजे बकरी अपने घर पहुंच गए। विनय एवं धनंजय घर नहीं पहुंचे। कुआं के पास दोनों का कपड़ा रखा मिला। घटना के बाद परिजन रो- रो बेहाल हैं।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**पंडवा।** सड़क के गाड़ी गांव के समीप शनिवार की रात्रि बाइक से गिर कर सरोज कुमार नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल अवस्था में उक्त युवक को मेदिनीनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्रारंभिक इलाज के बाद वह खतरे से बाहर बताया जाता है। बताया जाता है कि पुलिस के डर से वह बाइक तेज गति से लेकर भागने के कारण बाइक से गिर गया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।


## आस्था | हजरत दाता पीर के सालाना उर्स पर जायरीनों ने की चादरपोशी

# हिंदू -मुस्लिम एकता का प्रतीक है दाता पीर का मजार, हर धर्म के लोगों की जुड़ी है आस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** इस इबादत की यहीं दस्तूर हैं जर्रा- जर्रा में खुदा का नूर है। इस कहावत को चरितार्थ कर रहा हैं। जपला हैदरनगर मुख्य पथ के समीप विराजमान है। हजरत दाता पीर बक्श शाह का मजार। जहां हर धर्म के लोग माथा टेका करते है और अपनी - अपनी मन्नत मांगते है। दाता पीर बक्श शाह के सालाना दो दिवसीय उर्स शनिवार की रात रवायती अंदाज में अकीदत के साथ शुरू हुआ। इसको लेकर मजार पर भव्य रुप से सजावट की गई। मौके पर हजारों की संख्या में लोग मजार पर पहुंचकर अपना माथा टेक कर मन्नते मांगी। वहीं कई जायरीनों ने चादरपोशी की और मुल्क में अमन चैन व आपसी भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगी। मिलाद शरीफ और सामूहिक चादर चढ़ने के साथ साथ अन्य रस्में अदा की गई। वहीं इस उर्स के मौके पर जलसा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इसकी शुरूआत कुरान -ए- पाक की तिलवात से शुरू हुई। जलसे में शमिल उलमा ए कराम ने उर्स की अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि दिल से की गई इबादत कभी बेकार नहीं जाती। इस मौके पर उर्स कव्वाली कमिटी के संयोजक इब्राहिम सेठ ने दाता पीर बक्श शाह के मजार पर चादरपोशी कर देश की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर मौलाना फैज , सैयद हसनैन जैदी,खुर्शिद नूरी, हाजी अब्बास कादरी, डॉ. एजाज आलम, जाकिर अली उर्फ.राज अली, अकरम खान, मुमताज खान, उर्फ बड़ा बाबू,बब्लू हुसैन, शायरा खान, सुहाना खान, सद्दाम खान, अखिलेश कुमार, राजेश सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।



## एक नजर

### समर कैंप का आयोजन



**मेदिनीनगर।** लिलिपुट ए प्ले स्कूल में समर कैंप केदूसरे दिन बच्चों ने खूब मस्ती की। कैंप में बच्चों को तरह-तरह की एक्टिविटीज सिखाई गई। डांस, स्केटिंग, क्राफ्ट समेत कई गेम में बच्चों ने मौज मस्ती किया। कैंप में 3 साल से 14 साल तक के बच्चे आ रहे हैं। यह कैंप 28 मई तक चलेगा

### शहर के कई हिस्सों में लग रहा है जाम

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के अंतर्गत आने वाले शहर के कई चौक चौराहों पर लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या से शहर वासियों को जूझना पड़ रहा है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर कई लोग यातायात के नियम का पालन नहीं करते हैं। गाड़ी को इधर-उधर से घुसा देते हैं, जिसके वजह से सड़क जाम की स्थिति बन जाती है। हालांकि चौक के आसपास ट्रैफिक के जवान भी मुस्तैद रहते हैं। लेकिन फिर भी शहर के कुछ लोगों के द्वारा ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करते देखा जा सकता है। जिसके वजह से काफी दिक्कत होता है इस संबंध में कुछ लोगों ने यह बात बताया कि ट्रैफिक नियम का पालन सख्ती से किया जाना चाहिए।

### मतदान सामग्री लेकर डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए मतदान कर्मी

# पांकी के 326 बूथों पर 322063 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग



**मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा लोकसभा अंतर्गत पड़ने वाले पांकी विधानसभा के कुल 326 बूथों के लिये रविवार को जिला मुख्यालय स्थित गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के परिसर से सभी मतदान सामग्री लेकर मतदानकर्मियों को रवाना किया गया। पांकी विधानसभा के लिये प्रतिनियुक्ति कर्मी सुबह 7 बजे से ही केंद्र पर पहुंच गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, ईवीएम/वीवीपैट कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन पांकी विधानसभा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रीति किस्कू की देख-रेख में वितरण कार्य शुरू हुआ। रविवार को जी.एल.ए कॉलेज में पांकी विधानसभा के लिये बनाये गये। काउंटर पर कई तरह के कागजी प्रक्रियाओं के मिलान के पश्चात मतदानकर्मियों को मतदान सामग्री देकर अपने-अपने बूथों के लिये रवाना कर दिया गया।पोलिंग पार्टी के साथ सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस बल को भी टैग किया गया था।चतरा लोकसभा के पांकी में सोमवार को होने वाले मतदान में कुल 326 बूथों पर 322063 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे जिसमें महिला मतदाता 156679 व पुरुष मतदाता 165384 शामिल हैं।

### रेलवे गोदाम संघ ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ धनबाद इकाई की बैठक धनबाद डिवीजन अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि झारखंड प्रभारी राजकुमार पासवान के उपस्थिति में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से धनबाद इकाई क्षेत्र के रेलवे माल गोदाम एवं गुड्स यार्ड साइडिंग में कार्यरत सोशल श्रमिकों के शोषण मुक्त करने उनके कानूनी अधिकार दिलाने एवं सांगठनिक विस्तार तथा मजबूती हेतु धनबाद इकाई का गठन किया गया। जिसमें संजय कुमार संयोजक, भीष्म नारायण सिंह अध्यक्ष, विनोद कुमार पासवान व रूपेश कुमार उपाध्यक्ष चुने गए। मौके पर डाल्टनगंज संयोजक शंभू प्रसाद, अवधेश सिंह, राजेंद्र पासवान, धीरेंद्र रजक सहित अन्य श्रमिक उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। बिट्टू पाठक ने कहा कि चुनाव के अंतिम दौर में भाजपा कई प्रकार के प्रोपेगेंडा खड़ा कर मतदाताओं को दिगभ्रमित करने का प्रयास करती है लेकिन इस बार चतरा के मतदाता परिवर्तन का मन बना चुकी है भाजपाइयों के जुमले व छलावा में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए पूरे इंडिया गठबंधन एकजुट है। वहीं विपक्षी भाजपाई हताश और निराश हैं। उन्हें कई जगहों पर विरोधों का भी सामना करना पड़ रहा है मतदाता जागरूक है वह किसी के बहकावे में आने वाले नहीं है।

### केंद्रीय कारा में जागरूकता शिविर का आयोजन

## केस में पक्ष रखने के लिए फ्री में डिफेंस काउंसिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं: सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंदीय कारा मेदिनीनगर में रविवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर उन्होंने लीगल एड डिफेंस कौंसिल के बारे में बन्दियों से जानकारी ली। कहा कि ये अधिवक्ता आपके लिए नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी बन्दी बिना अधिवक्ता के नहीं रहे। साथ ही आपको या परिवार के सदस्य को कोई समस्या हो तो इनके माध्यम से सादे कागज पर एक आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में भेजे आपके समस्या का निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं । उनको अपील करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को बिना खर्च के अपील करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने बन्दियों से समस्या पूछा व उसका निराकरण का उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि हम यहाँ केस का मैरिट डिसाइड करने नहीं आये बल्कि आपको अपना पक्ष रखने में क्या समस्या हो रहा है। इसके लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बन्दियों ने आधार कार्ड बनाने , राशन कार्ड में नाम जोड़वाने व केस से सम्बंधित समस्या को रखा। उन्होंने डालसा सचिव को इन समस्या के निराकरण करने को कहा। इस मौके डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि डालसा के माध्यम से कई कार्यक्रम किये जा रहे हैं। केस में पक्ष रखने के लिए फ्री में डिफेंस काउंसिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही गांव गांव मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लीगल एड दिया जा रहा है। विक्टिम कम्पनशेषन के तहत मुवावजा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब न्याय पाने में गरीबी बाधक नही है।सभी को सुलभ व सस्ता न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि जैसे ही किसी बन्दी का आवेदन एल ए डी सी में आता हैं हमलोग उसका काम शुरू कर देते हैं।आप विश्वास के साथ आवेदन भेजे हमलोग मेहनत कर आपके मामले में न्यायालय में पक्ष रखते हैं। उन्होंने कहा कि हमलोग सिर्फ जो केस एल ए डी सी को मीलता है उसमें ही काम करते हैं। इसलिए कहि आपको काम मे शिकायत नही मिलेगा। मौके पर एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि बिगत एक बर्ष में 500 केस में एल ए डी सी काउंसिल कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर सी जे एम आनन्द सिंह, निबन्धक कमल प्रकाश, कारा अधीक्षक भागीरथ करजी, जेलर प्रमोद कुमार, पीएलवी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के असिस्टेंट वीर बिक्रम वक्स राय, पुष्कर राज,नीतू सिंह, उत्तम कुमार ,पी एल भी नीरज कुमार समेत सैकड़ो बन्दी उपस्थित थे। के अलावे दर्जनों बंदी उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आकर व्यवसायी की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पत्नी को इलाज करा कर पटना से लौट रहे व्यवसायी की रेलवे स्टेशन पर पैर फिसलने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह ट्रेन से उतरने के दौरान वह गिर गया। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के जेलहाता निवासी कृष्णा गुप्ता उम्र 55 वर्ष रविवार को रेलवे स्टेशन पर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी थाना की पुलिस रेलवे स्टेशन पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचा। इसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान कृष्णा गुप्ता की मौत हो गई। जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। जीआरपी थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है। उनका बाजार के बस स्टैंड में दुकान था।

तस्वीर झूठ ना बोले




## हैदरनगर- पंसा मुख्य पथ पर जानलेवा बना पुल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के महत्वपूर्ण हैदरनगर - पंसा मुख्य पथ पर कोसीआरा गांव के समीप उत्तर कोयल मुख्य नहर का अति व्यस्ततम पुल है। जो विगत पांच साल से इस पुल का गार्डवाल तो धराशायी हो गए। अब पूरा जर्जर पुल ही कभी भी नहर में समाने के कगार पर है। यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका है। मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, ग्रामीण फिरोज सिद्दीकी, दिनेश पाल ने कहा कि इस पुल ने रोज कई बार बड़े वाहनों को भी गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कई बार अनजान लोगों को इस रास्ते से गुजरना जोखिम से खाली नहीं है। वर्तमान में इस पुल को देखते और गुजरते ही लोगों को भय लगा रहता है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर पंसा मुख्य पथ झारखंड के सबसे लंबा पुल को जोड़ते हुए गढ़वा जिला सहित कई अन्य राज्यों का आवागमन को जोड़ता है। इसके बावजूद अब तक न तो उत्तर कोयल मुख्य नहर परियोजना के अधिकारियों ने इस जर्जर पुल के जीर्णोद्धार को संज्ञान में लिया और राज्य सरकार और उनके आला अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि यदि इस पुल पर गार्डवाल सहित अविलंब मरम्मती का काम नहीं कराया गया तो कोई भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसी रास्ते से गढ़वा जिला के कांडी क्षेत्र के लोगों के अलावे हैदरनगर थाना क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों के आवागमन प्रमुख मार्ग है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से भी इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है।

## सेवा भाव

### मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

# 70 से अधिक लोगों की हुई जांच, कई को निकले बीपी और शुगर की बीमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच डालटनगंज शाखा ने बेलवाटीका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क में स्वास्थ्य जागृति शिविर लगाई। जिसके अंतर्गत बीपी, शुगर, डायबिटीज की जांच हुई है। मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघई ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीया रविवार को शिविर लगाता है। परन्तु कोरोना काल के समय से इसे बंद कर दिया गया था। अब फिर से मंच के सभी सदस्यों के प्रयास से इस डी क्लब को वापस शुरू किया गया है। इसमें डी-क्लब प्रभारी रवि कामदार एवं केशव लाठ ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंच के डी-क्लब प्रभारी रवि कामदार ने बताया कि यह क्लब अब हर महीने की प्रथम एवं तृतीया रविवार को लगाया जाएगा। माह के प्रथम रविवार को यह लाल कोठा स्थित डॉ. बी आर अम्बेडकर पार्क में ओर तृतीया रविवार को बेलवाटिका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क में लगया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन शहर के विख्यात चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश कुमार ने किया। डॉक्टर साहब इस पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच सदस्यों के साथ जुड़े रहे और जांच करा रहे लोगों को अपना परामर्श भी दिया। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य गिरधारी गर्ग ने बताया कि यह पहल शाखा द्वारा सभी जानते हैं शाखा द्वारा अपने आस-पास के सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में सजग एवं नियमबद्ध रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए जागरूकता फैलाने की जरूरत हैं। इस कैंप से एक ही दिन में लगभाग 70 से ज्यादा युवा और वृद्ध लोगों को निःशुल्क जांच किया गया। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य अरुण जी शंघई ने बताया कि इस कैंप के दौरन कई वृद्ध ऐसे मिले जिन्हे हाई बीपी और शुगर की समस्या थी परंतु उन्हें पता ही नहीं था। कैंप के दौरान ही उन्हें इसकी जानकारी मिली। इस कैंप में पवन खेतान, बद्री सिंघानिया, गिरधारी गर्ग, श्याम पोद्दार, रवि कामदार, केशव लाठ, ज्ञानचंद भूत, निशांत सिंघानिया, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, यश सराफ प्रभात अग्रवाल, राहुल सांवरिया, राहुल उदयपुरी, मनोज भिवानिया, अरुण संघई, श्याम कामदार, नीरज कामदार, अंकित तुलस्यान , अशोक हाजीपुर, आलोक पसरिया, विशाल सांवरिया, संजय अग्रवाल, पीयूष तुलस्यान एवं मारवाड़ी युवा मंच कई और सदस्य उपस्थित थे।

### जन्मोत्सव पर 9 यूनिट रक्तदान किया



**मेदिनीनगर।** आर्ट ऑफ लिविंग मेदिनीनगर ने रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया । जैसा कि विदित है आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर का जन्मोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष 13 मई को मनाया जाता है। परंतु उक्त तिथि को चुनावी महापर्व होने के कारण संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन 19 मई को किया गया। इस कार्यक्रम में योगा प्रशिक्षक रागिनी प्रकाश और प्रमोद कुमार सिंह के साथ साथ जय प्रकाश, विवेक कुमार, किशोर सिन्हा, अंकित तुलस्यान, अमित कुमार मीतू, अनुज कुमार एवं धीरेंद्र कुमार द्वारा रक्तदान किया गया। वहीं शुशील तुलस्यान, ज्ञानी एवं रीता देवी ने भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नवीन मेल के कैमरे ने कैद की डिस्पैच सेंटर की तस्वीर



## न्यूज | बॉक्स

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र बूढ़ापहाड़ के इलाके में मतदान आज, पुलिस मुस्तैद



**मेदिनीनगर।** लातेहार जिला में हेसातू की तरह ही आधा दर्जन से भी अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां वोटिंग होनी है। लोकसभा चुनाव में इस बार कई बदलाव देखने को मिल रहा है। बूढापहाड़ के गढ़वा हेसातू के इलाके में इस बार मतदान केंद्र बनाया गया था, जहां 70 प्रतिशत से भी अधिक वोटिंग हुई है। इधर, बूढ़ापहाड़ से सटे हुए करीब 44 इलाकों के मतदान केंद्र को रीलोकेट किया गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन इलाकों में मतदान करवाना एक चुनौति था। पूर्व में ग्रामीणों को ममदान के लिए 15 से 20 किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ा था। इस बार यह दूरी कम हो गई है और गांव के नजदीक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यह पूरा इलाका चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जहां 20 मई को मतदान होना है। बूढापहाड़ से सटे इलाकों में सुरक्षाबलों की प्रर्याप्त व्यवस्था किया गया है डीआईजी वाईएस रमेश न बताया कि सुरक्षा बलों के तैनाती की गई है। बूढ़ापहाड़ इलाके में वोट देने को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है।

### व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं करने वाले दो प्रत्याशियों के विरुद्ध नोटिस जारी

**मेदिननगर।** चतरा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चतरा लोकसभा का निर्वाचन लड़ रहे पांकी के सगालिम निवासी समता पार्टी के प्रत्याशी सुमित कुमार यादव व लातेहार के अम्बाकोठी मस्जिद रोड निवासी स्वतंत्र रूप से लड़ रहे अर्जुन प्रजापति को नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा है कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये तीसरी तिथि 18 मई 2024 निर्धारित की गयी थी। इसके बावजूद उपरोक्त दोनों प्रत्याशियों द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही उनके एजेंट के द्वारा किया गया। दो प्रत्याशी/चुनाव अभिकर्ता निरीक्षण में अनुपस्थित रहे। उपरोक्त दोनों प्रत्याशियों को नोटिस जारी करते अविलंब रूप से लेखा शाखा,विकास भवन चतरा में लेखा पंजी के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अगली निर्धारित होने वाली तिथि तक यदि निरीक्षण के लिये उपस्थित नहीं होते हैं और उनके द्वारा प्रतिनियुक्ति चुनाव अभिकर्ता के द्वारा लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो दोनों ही प्रत्याशियों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत यह माना जायेगा कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेख संधारित करने में आप असफल रहें हैं। आप लोग के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 22 साल में नहीं बनी प्रशुरामखाप की सड़क



**लेस्लीगंज।** प्रशुरामखाप लेस्लीगंज प्रखंड में स्थित एक गांव है जहां 22 साल पहले सड़क बना था। सड़क कि स्थिति चलने लायक नहीं यहां के ग्रामीण कई बार सम्बंधित विभाग को आवेदन दे चुकें हैं। लेकिन अभी तक किसी को भी यहां का हालात नहीं दिखा। जबकि यह गांव लेस्लीगंज और गेठा को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग पर है। इस गांव पानी के निकासी के लिए नाली निर्माण कभी नहीं हुआ जिस कारण ग्रामीण अपने घरों का पानी का निकास सड़क पर ही करते है। इस वजह से पैदल चलना मुश्किल है।

## एक नजर

### मारपीट में एक महिला घायल

**गढ़वा ।** मंझिआव थाना क्षेत्र के बूढ़ीखाड़ गांव में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला का पहचान राजेंद्र यादव की पत्नी कमला देवी के रूप में हुई है। घायल कमला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कमला के देवर महेंद्र यादव और उसकी पत्नी गंगाजल देवी ने घर के दीवाल बटवारा को लेकर मारपीट की। स्थानीय लोगों की मदद से कमला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### आरओ प्लांट का शुरूआत किया गया

गढ़वा। शनिवार को चिरौंजिया मोड स्थित प्रदीप कुमार मेहता आरओ प्लांट का शुरूआत किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो पूर्व विधायक प्रत्याशी सूरज कुमार गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप आदि लोगो ने सामुहिक रूप से फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री संतोष दुबे युवा चंद्रवंशी के केंद्रीय अध्यक्ष सनी चंद्रवंशी डॉक्टर अखिलेश कुमार शुभम केसरी आकाश केसरी पूर्व विधायक प्रत्याशी मनीष कुमार गुप्ता सुमेर चौधरी विद्या ठाकुर कृष्ण डीलर रमाबिंद विजय मेहता सहित आदि लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के तेनार के बिपिन साव का निकेश गुप्ता 18 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया की वह अपने बुलेट मोटरसाइकल से अपने घर जा रहा था। उसी बीच अरंगी मोड़ के पास एक कार से उसकी टक्कर हो गई। घटना के बाद मुखिया प्रतिनिधि श्री कांत दुबे घटना स्थल पर पहुंच कर उसे अपने निजी वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### युवक के साथ बेरहमी के साथ मारपीट

**गढ़वा।** डंडा थाना में पुलिस द्वारा एक युवक के साथ बेरहमी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। डायन बिसाही को लेकर एक महिला के आवेदन पर डंडा थाना पुलिस ने शनिवार को कथित आरोपितों को थाना में बुलाया। वहां दोनों पक्ष को बैठाकर बातचीत व समझौते की कवायद भी हुई। फिर आरोपितों से पैसे की मांग की गई।

# नवम बोर्ड की परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में नवम बोर्ड का परीक्षाफल झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा प्रकाशित हुआ। जिसमें विद्यालय के भैया-बहनों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। नवम बोर्ड की इस परीक्षा में कुल 102 भैया-बहन सम्मिलित हुए, जिनमें 26 भैया पांचो मुख्य विषयों में ए ग्रेड मार्क्स लेकर उतीर्ण हुए। भैया बहनों के इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश, सहसचिव अनिल विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार और विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक व आचार्य बंधु भगिनी ने उत्तीर्ण भैया बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं के साथ बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बेहतर परिणाम लाने वाले भैया-बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी भैया-बहन बेहतर परिणाम लाकर उत्तीर्ण हुए हैं इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं लेकिन आपको और बेहतर परिणाम लाने हैं इसके लिए आप कठिन परिश्रम करना जारी रखें।

### कंप्यूटर सेंटर में फाइनल सत्र का परीक्षा संपन्न

गढ़वा। शहर के प्रगति इंस्टीट्यूट कंप्यूटर सेंटर में फाइनल सत्र का परीक्षा संपन्न हुआ। संस्था के प्रबंध निदेशक खालीद अशरफ के नेतृत्व में प्रगति इंस्टीट्यूट कंप्यूटर सेंटर में एडीसीए कंप्यूटर कोर्स 2023-2024 सत्र के परीक्षा संपन्न कराया गया । इस मौके पर संस्था के प्रबंध निदेशक खालीद अशरफ ने कहा की परीक्षा में 80 विद्यार्थियों से अधिक की उपस्थिति रही है। सभी विद्यार्थी से लिखित व प्रायोगिक परीक्षा ली गई। परीक्षा में सफल होने वाले सभी विद्यार्थी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। वहीं इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के द्वारा पुरुस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कंप्यूटर की शिक्षा अति आवश्यक है। सभी विद्यार्थी पिछले 1 वर्ष से इस कोर्स में पढ़ रहे थे।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पुलिस द्वारा एन एच 75पर देवेंद्र लाइन होटल के पास से अवैध रूप से कोयला बेचने तथा ओवरलोडिंग के मामले में एक ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर कुलदीप यादव उम्र करीब 31 वर्ष रमना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द गांव का रहने वाला है। कुलदीप के खिलाफ कॉल माइंस अमेंडमेंट एक्ट 1973 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत द्वारा गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर कुलदीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बाइक व कार की टक्कर में एक घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के तेनार के बिपिन साव का निकेश गुप्ता 18 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया की वह अपने बुलेट मोटरसाइकल से अपने घर जा रहा था। उसी बीच अरंगी मोड़ के पास एक कार से उसकी टक्कर हो गई। घटना के बाद मुखिया प्रतिनिधि श्री कांत दुबे घटना स्थल पर पहुंच कर उसे अपने निजी वाहन से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### मोटरसाइकिल व कार के टक्कर

गढ़वा । रंका मार्ग पर रविवार को भदुमा गांव के पास मोटरसाइकिल व कार के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति गढ़वा जिले के रंका गांव निवासी बच्चन प्रसाद सोनी का पुत्र लव कुश कुमार बताया गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि लव कुश कुमार अपने घर से मोटरसाइकिल पर बर्तन लेकर बेचने के लिए निकला था। इसी क्रम में भदूमा के पास कार तथा मोटरसाइकिल में टक्कर हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने लवकुश कुमार को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहा उसका इलाज चल रहा है।

# नशा उन्मूलन पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष व जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेशानुसार आज शनिवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत ज्ञान निकेतन कान्वेंट प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा में नशा उन्मूलन पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांजा भांग, गुटका, अफीम, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थ के सेवन करने वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें नशा मुक्त कराने तथा ड्रग्स के व्यापार की रोकथाम कर उन्हें कानूनी सहायता दिलाने हेतु विशेष रूप से जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी के द्वारा बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार, घरेलू हिंसा, बाल मजदूरी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया। कृष्णानंद दुबे ने मंच संचालन कर लीगल लिटरेसी क्लब की महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित विद्यालय की




सभी बच्चे -बच्चियों को बाल मजदूरी, बाल ट्रैफिकिंग, नशा उन्मूलन , रैगिंग एवं लिटरेसी क्लब के माध्यम से बच्चों को न्यायपालिका से जुड़ने एवं किसी प्रकार के अप्रिय वारदात तथा परेशानियों की बिंदुओं पर पीएलबी के माध्यम से न्यायपालिका को जानकारी देने की बात बताई गई। स्थाई लोक अदालत के राकेश त्रिपाठी के द्वारा डायन अधिनियम, झाड़ी में फेंके गए नवजात शिशु के संरक्षण शिशु वात्सल्य के तहत पालन पोषण, नशा उन्मूलन के प्रचार प्रसार, शिक्षा एवं बच्चों के पुनर्वास आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता सुधीर तिवारी ने झालसा, नालसा से अवगत कराते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को नशा से मुक्त रहने तथा इसमें संलिप्त अगल-बगल पास पड़ोस के बच्चों के बारे में जानकारी देने तथा मजदूरी करने वाले बच्चे एवं गरीबी से पीड़ित अनाथ बच्चे की सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

### ऑनलाइन पैसा लेने की शिकायत

**गढ़वा ।** जिले के खरौंधी प्रखंड के लोगों ने अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिस्थापित एएनएम सविता कुमारी पर स्वास्थ्य सेवाओं के बदले फोन पे पर ऑनलाइन पैसा लेने की शिकायत की है। इस संबंध में प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष के नाम लिखे शिकायत पत्र के बाद प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने शनिवार को अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें पैसे उगाही की तमाम अनियमिताएं उजागर हुई है। वहीं पैसे उगाही के साक्ष्य मिले हैं। निरीक्षण के दौरान मामले के विषय में 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने बताया अरंगी, तोरेलावा तथा सेमरवा के प्रवेज अंसारी, जलील अली अंसारी, कुर्बान अंसारी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम सविता कुमारी तथा उनके पति कमलेश प्रसाद पर ईलाज करने के एवज में फोनपे से पैसा लेने का आरोप लगाकर आवेदन दिया था। ग्रामीणों का शिकायत है कि अरंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एएनएम सविता कुमारी ने जच्चा-बच्चा कार्ड, टीकाकरण, दवा एवं प्रसव कराने के बदले तीन से चार हजार रुपए बतौर रिश्वत ले रही है। शनिवार को वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरंगी पहुंचकर मामले का जांच किया। जांच में एएनएम सविता कुमारी जच्चा बच्चा कार्ड बनाने, टीकाकरण, दवा एवं प्रसव के बदले तीन से चार हजार रुपए पति कमलेश प्रसाद के फोन पे से ली है। जो सरासर गलत है। उन्होने इसकी जानकारी भवनाथपुर चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास तथा गढ़वा सीएस अशोक कुमार को दिया है। जल्द ही गढ़वा उपायुक्त तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिलकर कार्रवाई की मांग करेंगे। वहीं शिकायतकर्ता प्रवेज अंसारी ने बताया कि जब-जब बच्चों तथा पत्नी को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए हैं। तब-तब एएनएम सविता कुमारी पैसा लीं हैं। पैसा एएनएम के पति कमलेश प्रसाद के फोन पे में दिए हैं। राजकरण राम ने बताया कुछ दिन पूर्व 12 बजे रात को गांव के ही विंध्याचल राम के पुतोह को डिलेवरी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे। रात में दरवाजा खोलवाने लगे तो एएनएम सविता कुमारी दरवाजा नहीं खोलीं। वहीं बोलीं पहले का एक हजार रुपए बकाया है।

# खेती व्यवसाय के रुप में उभर रहा है : जुलियस तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 10 दिवसीय सब्जी, नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण का उद्घाटन जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक जुलियस तिर्की, संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल, फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह व पंकज कुमार वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर जुलियस तिर्की ने कहा कि सब्जी नर्सरी प्रबंधन और सब्जियों की खेती एक उन्नत व्यवसाय के रुप में उभर रहा है। वर्तमान समय में लोग वैज्ञानिक तरीके से खेती कर रहे है। जिसके कारण कम पानी में भी लोग बेहतर उत्पादन कर रहे है। वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने से कम खर्च और कम पानी में ज्यादा फसल का उत्पादन हो रहा है। संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने कहा कि जिले में सब्जी के उत्पादन काफी मात्रा में होती है। आप इस क्षेत्र में स्वरोजगार कर अपनी आर्थिक स्थिति को काफी मजबूत कर सकते हैं। संस्था बेरोजगार युवक युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है। इस मौके पर रुस्तम अली, अभिषेक तिवारी, आदि शामिल थे।

# अखिल भारतीय नाई संघ ने की बैठक




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखंड के बरछाबांध में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुज कुमार ठाकुर एवं संचालक धर्मेंद्र ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय नाई संघ ट्रेड यूनियन के प्रमंडलीय अध्यक्ष रविंद्र नाथ ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में समाज में एकजुटता लाने के लिए एवं समाज समाज को सही दशा व दिशा प्रदान करने के लिए बरछाबांध ग्राम कमेटी बनाई गई। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय अध्यक्ष रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि आज हमारा समाज विकास से कोसों दूर है।हमारे समाज के लोग जितनी मेहनत करते हैं।उसके अनुरूप उन्हें मजदूरी भी नहीं मिल पाती है। समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षित करें एवं समाज में पनप रहे कुरीतियों जैसे शराब जुआ इत्यादि को त्याग कर समाज में नई अलख जगाने का काम करें। रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज हर क्षेत्र में पिछड़ा है।सामाजिक राजनीतिक एवं शैक्षणिक हमारा समाज तभी आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। जिसमें शादी विवाह जन्म एवं मृत्यु में घर जाकर काम करने वाले नाई बंधुओ के रेट में बढ़ोतरी शामिल है। इस निर्णय का जो भी अवहेलना करेंगे उन्हें सामाजिक दंड से गुजरना होगा। बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोज ठाकुर बनाया गया। जबकि सचिव कमलेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामसनेही ठाकुर, कार्यकारी सदस्य नीरज ठाकुर, अवधेश ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, राजीव ठाकुर, केदार नाथ ठाकुर, विमलेश ठाकुर को बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमलेश ठाकुर, भोला ठाकुर, रामसुंदर ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, मनोज ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, रामकृपाल ठाकुर, जयराम ठाकुर, राजकुमार ठाकुर सहित नाई समाज कई लोग शामिल थे।

### रैयती जमीन मुक्त करने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी पंचायत के बजरमारवा टोला में हो रहे तालाब निर्माण में स्थानीय रैयतों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी खरौंधी को आवेदन देकर अपना तालाब में जा रहे अपने जमीन को मुक्त कराने की मांग की है।रैयतों ने बताया कि हम लोग सभी लोग मिलकर तालाब निर्माण के लिए जमीन दिए थे, लेकिन कई लोग अपना जमीन वापस लेते हुए कब्जा कर लिए है। बाकी हम कई लोगों के जमीन पर तालाब निर्माण कराया जा रहा है।हम लोग के पास अपना घर बनाने के लिए जमीन नहीं है तो हम लोग अपना घर कैसे बनायेंगे।जब जमीन ही नही रहेगा तो घर कैसे बनाएंगे। सभी रैयतों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी खरौंधी को आवेदन देकर तालाब निर्माण कार्य को रोकते हुए अपनी जमीन को मुक्त कराने की मांग की है।जमीन मुक्त की मांग करने वालों में आनंद देव गुप्ता, सुखदेव गुप्ता, देवबंस गुप्ताआदि कई लोगों का नाम शामिल हैं।

### मतदान कर्मी ने चुनाव कार्य से मुक्त हुए कर्मियों की जांच की मांग की

**गढ़वा।** नाम प्रकाशित नहीं करने के शर्त पर एक मतदान कर्मी ने चुनाव कार्य से मुक्त हुए कर्मियों की जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने कहा है कि कई लोग स्वस्थ्य रहने के बावजूद फर्जी मेडिकल बनवाकर और पैरवी के बल पर चुनाव कार्य से मुक्त हुए हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होने की जरूरत है। यदि ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो उनके आदतों में सुधार नहीं होगी। वहीं वे इस तरह का कार्य करते रहेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा है कि फर्जी मेडिकल और पैरवी के बल पर चुनाव कार्य से मुक्त होने वाले लोगों की तहकीकात कर कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा है कि जो लोग सचमुच चुनाव कार्य करने के लायक नही थे।

### सत्संग सह भंडारा का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विनती प्रार्थना, समवेत नाम जप,सत्यानु शरण ग्रंथ पाठ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में धृतिसुन्दर लाल, आकांक्षा, चंचला गुप्ता व गीता देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। सत्संग में याजक राजकुमार दा, राजेश दा, संजय दा, प्रकाश सिंह, भोला प्रसाद, जगनारायण सिंह, पप्पू, अंकित सिंह, धृतिदीप्त, सुजय कुमार, विजय कुमार, आयुष कुमार, आशुतोष, संख्या में गुरुभाई बहन उपस्थित थे।

## कार्यक्रम / उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

# खेल की बारीकियां को समझना जरूरी : डॉ यासीन

### शिविर का विशेष उद्देश्य होता है, इसे समझना आवश्यक : नोडल पदाधिकारी





**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राजकीयकृत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उत्कृष्ट विद्यालय के नोडल पदाधिकारी कैसर रजा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर यासीन अंसारी उपस्थित थे। कैंप के उद्घाटन सत्र में कैंप प्रतिभागी के साथ ही साथ ढेर सारे अभिभावक एवं शिक्षकगण मौजूद थे। कैंप का उद्घाटन अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संयोजन मनोज कुमार चौधरी एवं संचालन सुशील कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय की स्पोर्ट्स कैप्टन साक्षी श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण से किया। तत्पश्चात छात्रा निशा गुप्ता के द्वारा समर कैंप के महत्त्व के बारे में प्रकाश डाला गया। शिक्षिका सीमा एवं छात्राओं के टीम द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ मो.यासीन अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल में अपार संभावनाएं हैं। बच्चों को खेल की बारीकियों को समझना चाहिए। खेल की स्किल से परिचित होना चाहिए। वहीं एक स्वस्थ वातावरण तैयार कर खेल में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिए। विद्यालय के लिए तथा गढ़वा जिले के लिए गर्व की बात है इस तरह का सकारात्मक सोच वाले स्कूल समर कैंप का आयोजन कर बच्चों को प्रेरित करने का कार्य कर रहा हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रेयाज अहमद ने स्वागतभाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि पूरे राज्य के सरकारी स्कूलों में इस तरह का कार्यक्रम नहीं होता है। परंतु मेरे विद्यालय के शिक्षकों की सकारात्मक सोच और पहल के साथ इस कैंप का तैयारी कर विभिन्न खेलों में बच्चों को आगे निकलने का कार्य किया जा रहा है। जो काबिले तारीफ है। अगर सभी विद्यालय इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करें तो निश्चिंत ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। उत्कृष्ट विद्यालय के नोडल पदाधिकारी एवं मुख्य अतिथि के रूप में अभिभाषण देते हुए कैसर रजा ने कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अतः जब हम स्वस्थ होंगे तभी बेहतर कर पाएंगे। समर केम्प आयोजन का एक विशिष्ट उद्देश्य होता है। इसमें हम स्कूली दबाव के बिना स्वतंत्र रूप से पूरे मनोयोग से निश्चित उद्देश्य हासिल करने का लिए प्रयास करते हैं। वहीं उस क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करते हैं। आज कैंप में क्रिकेट, वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी एवं टेबल टेनिस के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान टेबल टेनिस प्रशिक्षण में कमलेश कुमार दुबे, वॉलीबॉल प्रशिक्षण में प्रदीप सिंह, कबड्डी प्रशिक्षण में रमाशंकर सिंह एवं उनकी टीम ने खेल की बारीकियों को बताया।

### रविवार को जेल अदालत का आयोजन

# दोष स्वीकार करना सबसे प्रबल सुधारः सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रधान जिला जज डीएलएसए चेयरमैन राजेश शरण सिंह के निर्देश पर रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कैदियों को संबोधित करते हुए डीएलएसए सचिव रवि चौधरी ने कहा कि कैदियों के जमानत मिलने के बावजूद जेल में बंद रहते है। उनकी जानकारी अवश्य दें। उन्हें सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विचाराधीन कैदी जिन्होंने ऐसे अपराधों के लिए जेल में काफी समय बिताया है जो प्रकृति में जघन्य नहीं है उसे पर जेल अदालत के दौरान विचार किया जाएगा। उन्होंने कैदियों को संबोधित करते हुए कहा कि दोष स्वीकार करना सबसे प्रबल सुधार है और वैसे मामले में सजा कम करके जेल से रिहा किया जाता है उसके लिए कारा अधीक्षक को आवेदन अवश्य दें। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार से कैदियों को दी जाने वाली कानूनी सहायता, कानूनी सलाहकार एवं मुफ्त में अधिवक्ता उपलब्ध कराने की भी जानकारी दी।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के फंडिंग राशि में गड़बड़ घोटाला का मामला

# जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी :बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई ।** वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रखंड क्षेत्र में संपन्न हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर फंडिंग हुई राशि में गड़बड़ झाला का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि उक्त मद में प्रखंड के प्रति पंचायत 16हजार रुपए के अनुसार कुल 1 लाख छियालीस हजार रुपये का भुगतान वाउचर नंबर 34 ट्रेजरी बिल नंबर 67 के तहत वेंडर शिवम ट्रेडर्स के खाते में किया गया था। वहीं राशि भुगतान हुए लगभग 2 वर्ष का समय बीत गया लेकिन अभी तक वह राशि




पंचायत के मुखिया को नहीं मिल सका। मामले को लेकर उन में भारी आक्रोश व्याप्त है। मुखिया मुनिता देवी, महेंद्र चौधरी, धनवंती देवी, बच्चा लाल गुप्ता, प्रतिनिधि विष्णु यादव, ललन चौधरी, अजय पासवान इत्यादि ने बताया कि प्रखंड के पदाधिकारीयों के निर्देश पर हम सभी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के लिए अपने-अपने पॉकेट का पैसा लगाकर टेंट से लेकर खान-पान और जलपान तक की व्यवस्था स्थल पर किए थे। मामले में बीडीओ जागो महतो ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक गड़बड़ घोटाला की बात है तो इसकी प्रमुखता के साथ जांच कराई जाएगी उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 31,895 मतदाता आज करेंगे मताधिकार का प्रयोग, मतदान केंद्रों पहुंचे कर्मी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** लोकसभा चुनाव 2024 में गिद्धौर प्रखंड के 31 हजार 895 मतदाता मताधिकार का सोमवार को प्रयोग करेंगे। बताया गया की प्रखंड में 31895 मतदाता में 16384 पुरुष व 15511 महिला मतदाता है। प्रखंड में कुल 38 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें मतदान कर्मी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंच चुके हैं। पंचायत वार मतदाताओं की बात करें तो बारीसाखी में 5754, जिसमें पुरुष 2957 व 2797 महिला हैं। मंझगांवा में 5049 में 2625 पुरुष व 2424 महिला, गिद्धौर में 5282 में 2692 पुरुष व 2590 महिला, पहरा में 4689 में 2409 पुरुष व 2280 महिला, बारियातु में 4747 में 2434 पुरुष व 2313 महिला एवं द्वारी पंचायत में 6374 मतदाता में 3267 पुरुष व 3107 महिला मतदाता हैं। वहीं विशेषकर नए मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।






## जिले में आज शाम पांच बजे तक ड्राइ-डे घोषित, पूर्व में ही अवैध रुप से शराब का किया गया भंडारण

**चतरा।** चतरा संसदीय सीट के लिए 20 मई को मतदान होना है। वहीं चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर 18 मई की शाम पांच बजे से 20 मई की शाम पांच बजे तक चतरा जिले में ड्राइ-डे घोषित कर दिया गया है। इसके बाद से जिला मुख्यालय व प्रखंड में संचालित अंग्रेजी शराब दुकानों में ताला लटक गया। सूत्रों की माने तो ड्राइ-डे से पूर्व दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब को सुरक्षित ठिकाने लगाया गया है, ताकि इसका उपयोग चुनाव के दौरान ऊंची दर पर किया जा सके। अवैध रूप से घर व गांवों में वैसे दुकान जो बड़ी मात्रा में शराब खपाते हैं, उनके यहां अवैध रुप से शराब का भंडारण किया गया है। दुसरी ओर वोट प्रभावित करने के लिए शराब का खेल खेले जाने की संभावना है।

# पत्थलगडा के 30 बूथों पर हैं 24,254 मतदाता

### 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला, पुलिस मुस्तैद



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगडा(चतरा)।** 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पत्थलगडा प्रखंड में सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को प्रखंड के 24 मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों का दल पहुंच चुका है। वहीं शनिवार को ही मेराल पंचायत के 6 बूथों के लिए मतदान कर्मी पहुंच चुके हैं। उन्हें खैरा कलस्टर में व्यवस्था दी गई है। मेराल के 6 बूथों के लिए सभी मतदान कर्मी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार अहले सुबह मतदान केंद्र पहुंचेंगे। जबकी लोकसभा चुनाव के लिए पत्थलगडा में 30 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें सुरक्षा के चार चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान की व्यवस्था की गई है। थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि शांतिपूर्ण और स्वच्छ मतदान को लेकर पुलिस व प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन तत्पर है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बताया कि लोकसभा चुनाव में पत्थलगडा के 30 बूथ पर 24254 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रखंड में 12415 पुरुष और 11839 महिला मतदाता है। बरवाडीह बूथ संख्या 135 को पिंक बूथ बनाया गया है। जिसमें सभी मतदानकर्मी महिला हैं। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों में पानी की व्यवस्था की गई है। जबकी बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान कराने के लिए वाहन की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन का लक्ष्य 80 प्रतिशत मतदान कराना है। उन्होंने आम लोगों से निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील की है।

## एक नजर

### सांप काटने से महिला की मौत, झाड़फूंक के चक्कर में गई जान



**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम चुटिया में बीते रात घर में सो रही सुनिता देवी पति कामेश्वर यादव को जहरीले सांप काटने बेहोश हो गई। जिसका इलाज लोकल गांव में झाड़ फूंक किया गया। जहां स्थित गंभीर होने पर महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लाया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मौत होने के बाद भी झाड़ फूंक के लिए वैद को बुलाया गया था। वही मौत की खबर पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। इधर मौत की खबर से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### सराढू में हाथियो का उत्पात, तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त



**टंडवा।** हाथियों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी ने सराढू पंचायत के योगीपुरा गांव में शनिवार की रात जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान हेमंल गंझू, बासदेव गझू और धनेश्वर गंझू के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। आधी रात को हाथियो के विचरण से लोगो के बीच दहशत है। इधर पीड़ित परिवार वन विभाग से न्याय की गुहार लगा रहा है।

### गोला में झोलाछाप डॉक्टर के चक्कर में गई मजदूर की जान

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के रोला गांव में एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से 55 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद से झोलाछाप डॉक्टर फरार है। रोला गांव निवासी सुरेश महतो के पेट में पिछले दो दिनों से दर्द हो रहा था। जिसके बाद उसके परिजन गांव के ही एक झोलाछाप डॉक्टर के पास दवा दिलाने ले गए। यहां झोलाछाप ने उसे एक इंजेक्शन लगाया।

# चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार में राज्य के दूसरे चरण का मतदान आज

- *मतदान पदाधिकारियों व मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर किया गया रवाना*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के पांचवे चरण में 04 चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार जिला में 20 मई को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भारत माता भवन के प्रांगण में बनाए गए डिस्पैच सेंटर में मतदान दल के कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने मनोबल एवं उत्साहवर्धन कर शुभकामनाओं के साथ क्लस्टर हेतु रवाना किया।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टरों में भोजन, पानी, शौचालय, निर्बाध बिजली की व्यवस्था एवं कलस्टरों में चिकित्सीय दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने सभी को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान कर्मियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। 20 मई 2024 को मतदान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन द्वारा सभी मतदान पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी गई।

## मतदानकर्मी और पुलिसकर्मी उत्साह पूर्वक मतदान कराने के लिए पहुंचे मतदान केंद्र

- *उपायुक्त ने की सभी मतदाताओं से आज को मतदान करने की अपील*
- *आज सुबह 07 से 5 बजे तक दिन भर मतदान होगा*
- *भयमुक्त एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा कॉलेज चतरा के इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 24 मतदान केन्द्र एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र के 08 केन्द्र पर एक दिन पूर्व पी 2 पार्टी हेतु डिस्पैच किया गया था। वहीं रविवार को सिमरिया विधानसभा के लिए 395 एवं चतरा विधानसभा के लिए 467 पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने हेतु मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। देर शाम तक सभी पोलिंग पार्टी अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच चुके हैं। पोलिंग पार्टी डिस्पैच के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने पूरे डिस्पैच प्रक्रिया का निरीक्षण किया एवं पार्टियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है परन्तु वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची प्राप्त नहीं हुआ है। वैसे मतदाता भी फोटोयुक्त इन दस्तावेजों के साथ मतदान कर सकते है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोगों से अपील किया की आप सभी मतदान करने अवश्य अपने घर से निकल कर बूथ पर जाएं, परिवार के साथ जाएं और मतदान करें। रविवार को मतदान सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक दिन भर होगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, कामांडेंट सीआपीएफ 190 बटालियन, डीडीसी पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लेखा की जांच नहीं कराने वाले दो प्रत्याशियों को नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रत्याशियों के लेखा जांच के लिए तीन तिथि निर्धारित की गई थी। जिसमें 09 मई, 14 मई व 18 मई 2024 निरीक्षण के लिए निर्धारित था। परंतु अपराहन 5 बजे तक दो प्रत्याशियों अथवा प्रत्याशियों के द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव अभिकर्ता के द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिए लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया एवं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। प्रत्याशी सुमित कुमार यादव पिता श्रवण कुमार यादव, समता पार्टी ग्राम सगालीम थाना पाकी पोस्ट-सगालीम, जिला पलामू व अर्जुन प्रजापति, पिता तपेश्वर प्रजापति, स्वतंत्र, पता अंबाकोठी, मस्जिद रोड, जिला लातेहार तीनो तिथि में अनुपस्थित रहे। लेखा निरीक्षण हेतु अविलंब लेखा शाखा विकास भवन, चतरा में लेखा पंजी के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही बताया गया है कि अगली निर्धारित होने वाली तिथि तक यदि निरीक्षण कराने के लिए प्रत्याशी व प्रतिनियुक्त चुनाव अभिकर्ता के द्वारा लेखा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत यह माना जायेगा कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा संधारन में आप असफल रहें हैं एवं आपलोग के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कानुनी कार्रवाई की जायेगी।

## दुबी गांव में भीषण आगलगी में घर समेत लाखों की संपत्ति जलकर हुआ राख

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के जमीरा पंचायत अंतर्गत दुबी गांव में भीषण आगलगी में कारी उरांव पिता चुण्दा उरांव का घर सहित लाखो की समाप्ति जलकर राख हो गयी। घटना शनिवार देर रात्रि लगभग 10:30 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार कारी उरांव व उसका पूरा परिवार खाना खाने के बाद घर के अंदर सोने के लिए चले गए, इसी दौरान उसके घर से अचानक आग की लपटें उठने लगी। गर्मी का मौसम व खपड़ैल घर होने के कारण देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिए, आस पड़ोस के लोगो को आग लगने का आभास होने के बाद अनान-फानन में आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी और जबतक ग्रामीण आग पर काबू पाते पूरा घर जलकर राख चुका था। हालांकि खबर लिखे जाने तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया था। भुक्तभोगी कारी उरांव ने प्रशासन से मुआवजे को लेकर मदद की गुहार लगायी है।

## मतदान पदाधिकारी मतदान सामग्री के साथ हुए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 मई 2024 को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान पदाधिकारी हो रहे हैं रवाना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय वरीय अधिकारी डिस्पैच सेंटर पर है उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन का लोहा काटने के दौरान दबाकर एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा/लातेहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत अभिजीत पावर प्लांट के पूर्वी दिशा स्थित चट्टी नदी के समीप अवैध रूप से लोहे के पाइप की कटिंग कर रहे एक युवक की स्क्रैप से दबाने से मौत होने का मामला सामने आया है। मामला रविवार दोपहर की बताई जा रही है। मृतक की पहचान सकिन्द्र राम पिता कुंदन राम (चकला) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अभिजीत पावर प्लांट द्वारा पूर्व दिशा में रिजर्व वायर हेतु पाइपलाइन का निर्माण कराया गया था, यह बड़े व चौड़े व्यास के पाइप पानी को रिजर्व वायर तक पहुंचाने के लिए लगाया गया था। पिछले दिनों अभिजीत पावर प्लांट से लगातार स्क्रैप चोरी काम मामला सामने आ रहा था, बड़े पैमाने पर यहां चोरों के द्वारा पाइप को काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। पिछले कुछ दिन से इस पर विराम लगने की बात प्रशासन द्वारा कही जा रही थी। लेकिन प्लांट परिसर से चोरी करने के बाद कुछ लोग रिजर्व वायर में लगे लोहे की पाइप की चोरी अवैध रूप से ग्रुप बनाकर करने में लगे हैं। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की दोपहर की कुछ लोग इन लोहे के पाइप को ही गैस कटर से काट रहे थे, इसी दौरान पाइप का बड़ा टुकड़ा युवक से संतुलित होकर उसके छाती में ही गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल गांव के ही कुछ लोगों की सूचना मिली उन लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया यहां चिकित्सा कर्मियों से मृत घोषित कर दिया। मृत घोषित किये जाने के बाद शव को लेकर अनान-फानन में निकलने की तैयारी हो रही थी, इसी दौरान इसकी भनक प्रशासन को लग गयी। स्वास्थ्य कर्मियों ने शव को ले जाने से रोक दिया। इसके बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो बच्चों को पीछे छोड़ गया है।

**दुर्घटना का रूप देने का हो रहा है प्रयास :** इधर घटना के बाद स्क्रैप माफिया चोरी के दौरान हुई मौत की घटना को हादसा दिखाने का प्रयास करते नजर आए। मृतक के साथ आये लोग घर बनाने के दौरान दीवार गिरने से मौत होने की मनगढ़ंत कहानी बना रहे थे, लेकिन मामला पुलिस प्रशासन तक पहुंचता देख एक एक कर लोग निकल गए। ज्ञात हो कि चकला गांव में गुट बनाकर संगठित चोर लगातार अवैध स्क्रैप कटिंग व चोरी का धंधा धंधा चला रहे हैं। जिसे रोकने में प्रशासन विफल साबित हो रही है।

## लोस चुनाव | चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान, बीडीओ ने कहा

# मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूर करें मतदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** 2024 लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मयूरहंड प्रखंड प्रशासन मतदाताओं के बीच लगातार जनसंपर्क अभियान चलाते हुए मतदान से पूर्व रविवार को भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करती रही। ताकि प्रखंड क्षेत्र के एक भी मतदाता चुनाव से वंचित नहीं रहे। बीडीओ मनीष कुमार ने हाट बाजार के अलावा गांव, टोलेव मुहल्ले में कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक कर एक वोट की कीमत व उसके फायदे बताने का कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा एक भी मतदाता वोट देने से वंचित ना रहे इसके लिए सभी बूथों पर दो-दो वाहनों की व्यवस्था की गई है। ताकि मतदान केंद्रों तक दिव्याग व बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान करने के लाया जा सके। बीडीओ ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अग्रह कर रहे हैं कि मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूर मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

### मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्र में चलाया जागरूकता अभियान



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के वैसे मतदान केंद्र जहां 2019 में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुए थे। वैसे मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान का नेतृत्व आरइओ कार्यपालक अभियंता देव सहाय भगत व अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने संयुक्त रुप से किया। बताया गया कि मतदान केंद्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझगांवातरी मतदान केंद्र 166 में पिछले चुनाव में 48.10 प्रतिशत व 165 में 54 प्रतिशत, 164 में 55.43 प्रतिशत, सिंदुआरी कला 168 में 54.05 प्रतिशत, मध्य विद्यालय गांगपुर 185 में 58 प्रतिशत ही मददान हुआ था। इन केंद्रों पर काम से कम इस वर्ष 75 से 80 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। अंचल अधिकारी ने पहरा गांव में जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सोमवार को पहले मतदान करें, फिर दूसरा काम।

आपका वोट आपका आवाज है इसलिए वोट जरूर दें।

### चुनाव को लेकर प्रमुख दलों ने बूथ मैनेजमेंट पर अंतिम दिन झोंकी पूरी ताकत

**रामगढ़।** डाड़ी प्रखंड में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव अंतिम दिन रविवार को यहां चुनाव लड़ रहे प्रमुख दल के प्रत्याशी के समर्थकों ने बूथ मैनेजमेंट पर पूरी ताकत झोंक दिया है। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में शनिवार को शाम में चुनाव प्रचार के थम जाने के बाद प्रमुख दलों के नेताओं कार्यकताओं ने एक ओर जहां डोर टू डोर जनसंपर्क करने पर जोर लगा दिया। वहीं रविवार को दिन भर वे बूथ मैनेजमेंट पर सारा ध्यान केंद्रीत कर दिया है। इस दौरान प्रमुख दल के नेताओं ने बूथ पर रहने वाले सभी कार्यकर्ता और इसे मैनेज करने वाले बूथ प्रभारी को 20 मई को चुनाव के दौरान सुबह से शाम तक पूरी ततपरता से डटे रहने के लिए तैयार कर रहे हैं। वहीं घर घर से मतदाताओं को अपने पक्ष में कैसे निकाल कर बूथ तक पहुंचाना है इसकी तैयारी में लगे रहे। साथ ही मतदाताओं को समझा रहे हैं कि उन्हें क्यों वोट देना है।

## वोटिंग की अपील के बीच सोहरलात के ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

### कहा बिजली, पानी और रोड नहीं तो वोट नहीं

**अजित यादव**

**कुंदा(चतरा)।** लोकसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं से मतदान करने के अपील के बीच चतरा जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड अंतर्गत सिक्कीदाग पंचायत के सोहरलात गांव के ग्रामीणों ने पूर्ण रूपेण वोट बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। उन्हें इस आधुनिक युग में भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आज भी विषम परिस्थिति में सही से इलाज नसीब नहीं होता है। गांव में इलाज की सुविधा नहीं होने के कारण कई किलोमीटर दूर खटिया पालकी की मदद से प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचना पड़ता है। क्योंकि स्वास्थ केंद्र तक पहुंचने के लिए उन्हें आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद पक्की सड़क व सड़क के बीच नदी पर पुल नसीब नहीं हुआ है। प्रखंड मुख्यालय से गांव के बीच एक नदी है जिस पर पुल का ना होना ग्रामीण के लिए सबसे बड़ी समस्या है। बारिश के दिनों में नदी पार करना खतरों से भरा होता है।



सरकारी उदासीनता के कारण ग्रामीण जान जोखीम में लेकर नदी पार कर अपनी जरूरत को पूरा करते हैं। इसी उदासीनता का दंस झेलते हुए ग्रामीणों ने इस बार लोकसभा चुनाव में पूर्णतः वोट बहिष्कार करने का ऐलान किया है। ज्ञात हो की उक्त गांव में अधिकांश अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं। रविवार को बहिष्कार की सूचना पर कुछ दलों के लोग लोगों से वोट करने की अपील करने गांव गए लेकिन ग्रामीणों ने चुप्पी साधे रखा।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक घायल

**भंडरा।** लोहरदगा बेड़ो मुख्य सड़क पर स्थित भंडरा के पास रविवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज किया। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार गुमला जिले के सिसई गांव निवासी सोमा उरांव के 18 वर्षीय पुत्र अजय उरांव अपनी बाइक से सिसई से लोहरदगा जा रहा था इसी बीच भंडरा मैना बगीचा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो कार ने बाइक को सीधी ठोकर मार दी।

### भंडरा प्रखंड परिसर में लगे हाई मास्ट लाइट क्षतिग्रस्त

**भंडरा।** सरकारी योजनाओं का उद्देश्य आम लोगों तक सुविधा पहुंचाना होता है। लेकिन योजनाओं का समुचित लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। प्रखंड परिसर में लगे हाई मास्ट लाइट इसी का उदाहरण हैं। गौरतलब हो कि चट्टी चौक, ब्लॉक कैंपस, भंडरा बीओआई चौक पर हाई मास्ट लाइट तो लगा दिये गये हैं, लेकिन प्रखंड परिसर मे लगा हाई मास्ट लाइट के चार सोलर में एक सोलर लंबे समय से क्षतिग्रस्त हैं। ग्रामीण बताते हैं कि लाइट लगा दिया गया है मगर उसका रख-रखाव ठीक से नहीं किया जा रहा जिसकारण से लाइट खराब हो जा रहा है। लोगों को अंधेरा में रहना पड़ रहा है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** चैनपुर अनुमंडल के जारी थाना क्षेत्र के बुमतेल गांव निवासी प्रमिला कुमारी पिता महेन्द्र मुण्डा उम्र 20 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतिका प्रमिला कुमारी पिछले एक महीने से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। वहीं मृतिका के परिजनों ने बताया कि जब सुबह वह अपने कमरे में नहीं दिखी तो अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। तब सिकरी नाला रोड के पास हमलोग पहुंचे तो देखे कि आम के पेड़ में रस्सी के सहारे युवती लटकी हुई है।

### मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह है : ओमप्रकाश

**लोहरदगा।** लोहरदगा के कुडू के सीमा पर चतरा संसदीय क्षेत्र के चंदवा प्रखंड के गांव बरवाटोली, गोली, रूद आदि गांव टोले के मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को देने की अपील पर मतदाताओं पर जबरदस्त उत्साह देखा गया। वहीं दूसरी ओर चंदवा के शहरी क्षेत्र के लोगों से भी व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर पहले मतदान फिर जलपान की बात कही गई. साथ ही साथ चंदवा में चंदवा एवं लातेहार के वरिष्ठ भाजपाइयों के साथ बैठक की गई। क्षेत्र भ्रमण के बाद ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि यहां भाजपा के पक्ष में सुनामी चल रही है और मतदाता 400 पार के प्रति प्रतिबद्ध है और मतदाताओं ने विश्वास के साथ कहा कि पिछला रिकॉर्ड 371000 से भी ज्यादा वोट इस बार एनडीए प्रत्याशी को देकर दिल्ली भेजा जाएगा।

# झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा, लोगों के चेहरे खिले

**लोहरदगा।** सप्ताहभर से चल रहे मौसम में उतार-चढ़ाव के बाद रविवार की दोपहर से शाम चार बजे तक झमाझम बारिश हुई। इससे किसानों सहित आम लोगों के चेहरे खिल उठे। वहीं गर्मी व उमस के बीच बच्चों व युवाओं ने बारिश का मजा उठाया। हवाओं के साथ हुए बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले में मानसून का शानदार आगाज हुआ है। शनिवार की मध्य रात्रि को ही तेज हवा और आसमानी मलक तथा गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। हालांकि बारिश रूक-रूक कर रात्रि से हो रही है। बारिश से मौसम पूरी तरह से बरसात की हो गई है। बल्कि यूं कहें कि बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है। वैसे तो आसमान में शनिवार से ही बादल छाए हुए थे। कहीं-कहीं पर तेज बारिश भी हुई थी। लेकिन उसके बाद मौसम साफ हो गया था और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। इधर मध्य रात्रि को तेज हवा के साथ बारिश का क्रम शुरू हुआ जो रूक-रूककर जारी है। रविवार की दोपहर तेज गर्जन के साथ मूसलाधार बारिश हुई। लोहरदगा जिले के शहरी व ग्रामीण इलाके में मौसम का मिजाज एकदम से बदल गया और आसमान में बादल घिर आए और दिन में अंधेरा छा गया। झमाझम बारिश होने से मौसम बदल-बदला सा नजर आने लगा। बारिश की वजह से तापमान में भी गिरावट आ गई। इससे लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। शहर के कई इलाकों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। शहरी क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में नालियों का गंदा पानी सड़क पर आ गया। ग्रामीण इलाकों में भी खराब सड़कों पर पानी भर जाने से लोग परेशान हैं। बारिश की वजह से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इसकी वजह से बहुत से क्षेत्रों के लोग घंटों बिजली गुल रहने से परेशान रहे। मौसम विज्ञानियों ने बताया कि बारिश के कारण मौसम में ठंडकता बनी हुई है, लेकिन सबसे ज्यादा प्रभाव पश्चिमी दिशा से आने वाली नम हवा का है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। साथ ही कई हिस्सों में अंधड़ चलने की आशंका जताई है।

### मुंगो से दुंदरू जवाल स्कूल तक बनने वाली चार किलोमीटर सड़क का मामला

# सुदूरवर्ती घोर उग्रवाद प्रभावित पेशरार में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में अनियमितता का आरोप

### कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डॉ. रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**पेशरार/लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के अति सुदूरवर्ती एवं घोर उग्रवाद प्रभावित पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के मुंगो प्लस टू उच्च विद्यालय से दुंदरू जवाल स्कूल तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 4 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा कराया जा रहा है। उक्त पथ व बॉक्स पुलिया निर्माण कार्य में सरकारी आदेशों को दरकिनार करते हुए कराया जा रहा है। बता दें कि सड़क पर दर्जनों पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें बड़े पैमाने पर सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। यहां पर सड़क निर्माण कार्य में धड़ल्ले से लीपापोती कर योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। गांव वालों के अनुसार विभाग के कनीय अभियंता गोविंद जी को योजना गुणवत्तापूर्ण धरातल पर हो इससे इन्हें कोई मतलब नहीं है। यही वजह है कि सड़क निर्माण कार्य को झांकने तक नहीं पहुंचते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का तनिक भी ख्याल नहीं रखा जा रहा है। ज्ञात हो कि पुलिया निर्माण कार्य में जमीनी स्तर से ही लीपापोती का खेल जोरों से खेला जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि पूर्व में निर्मित कई पुलिया को सिर्फ मरम्मती कर निर्माण का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि योजना को किस तरह से लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है। इधर पुलिया निर्माण कार्य में ना तो जमीन की ढलाई किया गया है और ना ही प्राक्कलन मानक के अनुसार कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। विभागीय लापरवाही का नतीजा है कि मुंगो प्लस टू उच्च विद्यालय से दुंदरू जवाल स्कूल तक बनने वाली मुख्य पथ निर्माण कार्य से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों के मुताबिक योजना को जैसे-तैसे पूरा करने की कोशिश किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में हेसाग मुखिया कुलदीप तिर्की ने बताया कि पुराना पुलिया को ही सुंदरीकरण कर सरकारी राशि का बन्दरबाट किया जा रहा है।





पेशरार के मुंगो प्लस टू उच्च विद्यालय से दुंदरू जवाल स्कूल तक करोड़ों रुपए की लागत से बनाई जा रही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास 12 मार्च 2024 को बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी के द्वारा किया गया था। विडंबना कहें कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित की जा रही उक्त सड़क के शिलापट्ट में लोहरदगा विधायक सह झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव का नाम अंकित किया जाना विभाग की ओर से मुनासिब नहीं समझा गया। इससे यह स्पष्ट है कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल लोहरदगा के पदाधिकारियों को लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव से कोई सरोकार नहीं है और ना ही उनके सम्मान में किसी प्रकार की कोई दिलचस्पी है।

स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री झारखण्ड सरकार के डॉ. रामेश्वर उरांव ने दूरभाष पर बताया की मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मे लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं होने पर जांच कराकर दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा, कर्रवाई की जाएगी। बहरहाल मुंगो से दुंदरू जवाल स्कूल तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क के तहत निर्मित की जा रही सड़क जनहित में कितना कारगर साबित होता है यह तो समय से परिणाम सभी के सामने आ जाएगा। फिलहाल सड़क निर्माण कार्य में सरकारी नियमों को ताक में रखकर योजना को लीपापोती करने का खेल जारी है।

# सेवा भारती ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 101 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ. कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 41 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए।




डॉ. कुमुद ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए,जिससे होने वाले कई बीमारीयों की जानकारी मिल सकती है और उसका इलाज कराकर स्वस्थ हो सकते हैं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। मौके पर अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, अतुल सर्राफ, सुरेश प्रसाद अग्रवाल, देवनारायण प्रसाद, दीपक अग्रवाल, उदय कास्यंकार, सुरेंद्र प्रसाद साहू, मोतीलाल अग्रवाल, गीता देवी, बिंदेश्वरी देवी, ओमप्रकाश कास्यंकार, मुकेश विश्वकर्मा, गौतम महतो, प्रभु साहू, अनिल वर्मा, सूरज साहू, जुबली देवी, तपेश्वर अग्रवाल, अजय पोद्दार, स्नेहा शर्मा, रमेश शर्मा, प्रियंका शर्मा, शंभू शर्मा, अशोक अग्रवाल, प्रभु दयाल साहू, विजय अग्रवाल, मंजीता राय, सुधीर अग्रवाल, लीला देवी, विगन प्रसाद आदि मौजूद थे।

# मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्सव चार जून को

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली परिसर में मंदिर समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें धूमधाम से मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा चर्चा के उपरांत निर्णय लिया गया कि मंदिर का द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर का वर्षगांठ उत्सव चार-पांच जून को मनाया जाएगा। चार जून को कलश जल यात्रा सिठिओ कोयल नदी से प्रारंभ होकर माता रानी मंदिर बरवाटोली प्रांगण में समाप्त होगी। कलश जल यात्रा के उपरांत भक्तों के लिए हलुवा, शरबत, फल, जल आदि की व्यवस्था समिति द्वारा किया जाएगा। सभी पूजन कार्यक्रम एवं पूर्णाहुति चार जून को ही संपन्न होगी। पांच जून को भव्य भंडारा एवं संध्या में दानदाता सम्मान समारोह एवं रात्रि में राधा रानी कथा या भव्य भगवती जागरण किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए आकर्षक विद्युत सज्जा एवं मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। वहीं तीन जून को सुंदर कांड पाठ कराया जाएगा। सुंदरकांड पाठ से पूर्व लोहरदगा नगर के विभिन्न मंदिरों के देवी-देवता के पास जाकर पूजन एवं देवी देवता का आवाह्न किया जाएगा। समिति की अगली बैठक 25 मई को मंदिर प्रांगण होगी। बैठक में रमेश कुमार साहू, दुर्गा प्रसाद प्रजापति, अजय मित्तल, शंभू साहू, सर्वजीत तमेड़ा, नागेंद्र प्रजापति, गुड्डू तमेड़ा, प्रवीण ठाकुर, शुभम कुमार, मनीष अग्रवाल, आशीष कुमार, बृजेश साहू, पिंटू साहू, नितेश कुमार साहू, आलोक हनी, रंजीत कुमार साहू, गौरव कुमार, मनीष कुमार उर्फ गुड्डू, उपेंद्र कुमार, अनिल शर्मा, भोला शंकर, आलोक कुमार, अनीश कुमार मित्तल, उत्तम कुमार शास्त्री, पिंटू साहू, गोपाल साहू, उपेंद्र, भोला अग्रवाल, उज्जवल आनंद, कुशल मित्तल, निखिल गर्ग, मृत्युंजय मधुप, संदीप अग्रवाल, दीपक प्रजापति, अमर साहू, विनोद साहू, दीपक साहू, ब्रजेश सिंह, भोला साहू, आलोक तमेड़ा आदि मौजूद थे।

## पीपल का पेड़ गिरा, यातायात प्रभावित

**लोहरदगा।** लोहरदगा में रविवार दोपहर मौसम में अचानक आए बदलाव ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवा और बारिश के दौरान लोहरदगा नवारी पारा बदला रोड सड़क में विशालकाय एक पीपल का पेड़ गिर गया। पीपल का पेड़ गिरने से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि पेड़ की चपेट में आकर बिजली के एक खंभे क्षतिग्रस्त हो गए व बिजली तार भी टूट गई। सड़क पर पीपल का पेड़ गिरने से लगभग 3 घंटे से यातायात भी प्रभावित हुआ। वहीं स्थानीय लोगों ने पेड़ को काटकर हटाना शुरू किया है ताकि वाहनों को आने-जाने का रास्ता मिल सके। फिलहाल खबर लिखे जाने तक विशालकाय पीपल का पेड़ सड़क में गिरा हुआ है।

## मनमानी / टेम्पो चालकों ने बढ़ाया किराया, आम लोग परेशान

# चालकों की मनमानी से यात्रियों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा में टेम्पो चालक सवारियों से मनमाना किराया वसूल कर रहें है। टेम्पो चालक बेलगाम हो गए है तो गलत नहीं होगा। इन्होंने मनमाने तरीके से कई रुट पर दस तो कई रूट पर बीस रुपए तक किराया बढ़ा लिया है। जिससे कि रोजाना सफर कर रहे यात्रियों को भारी नुकसान हो रहा है। भंडरा से अकाशी रेलवे स्टेशन का किराया टेंपो चालको द्वारा मनमानी तरीके से दस रुपया से तीस रुपया कर दिया गया। जबकि भंडरा से अकाशी रेलवे स्टेशन की दूरी छह किलोमीटर है। टेंपो चालको द्वारा पूर्व में सड़क खराब होने की बात कही जाती थी। टेंपो चालको ने सड़क बनने के बाद किराया कम करनी की बात कही गई थी पर सड़क बनने के बाद भी टेंपो चालको द्वारा किराया कम नहीं किया गया



। जिससे प्राय दिन टेंपो चालको व यात्रियों में तू-तू, मैं-मैं होती है। यही नहीं अकाशी से भंडरा चलने वाली टेंपो चालको द्वारा टेंपो में जबरजस्ती पंद्रह से बीस यात्रियों को बैठाया जाता है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इधर भंडरा से लोहरदगा पंद्रह किलोमीटर का किराया कुछ वर्ष पहले बीस रुपया था पर फिलहाल टेंपो चालक किराया बढ़ा कर चालीस रुपया कर दिया गया। यात्रियों से टेंपो चालक मनमानी तरीके से किराया ले रहे हैं।

### हनुमान मंदिर में सीता नवमी कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** रघुनंदन लेन के हनुमान मंदिर में दुर्गा वाहिनी संयोजिका आशा सोनी की अध्यक्षता में सीता नवमी कार्यक्रम हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी मंदिरों में सीता नवमी कार्यक्रम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद भी लेना चाहिए। सीता नवमी कार्यक्रम होना बहुत गर्व की बात है। वह राजा जनक की पुत्री है। सीता माता शांत स्वभाव में रहती है। आज सीता नवमी कार्यक्रम बड़े ही उत्सव के साथ मनाया गया। मौके पर आशा सोनी, सविता देवी, रजनी कुमारी, रीना कुमारी, शशि कसकर, काव्य कुमारी, निधि प्रजापति, हनी कुमारी, रानी कुमारी, सुषमा कसेरा, तनीषा कुमारी, वेद कुमार, विनाय, कसकर रेणु देवी कसकर, कुमारी अदिति, सरोज देवी, तनीषा कुमारी, काजल सिंह, वासु देवी, शोभा देवी, सुचिता देवी, आकृति कुमारी, इंद्राणी चौरसिया, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक कसकर, बजरंग दल शाह गौ रक्षा प्रमुख चंदन गोप, नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम अग्रवाल, विभोर सोनी, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कसकर, बजरंग दल अखाड़ा प्रमुख हसमुख रंजन, बजरंग दल पूर्व संयोजक प्रमोद प्रजापति, अंश कुमार, इत्यादि राम भक्त माताएं बहने उपस्थित थी।

## न्यूज बॉक्स

### अजमत ए वालिदैन कॉन्फ्रेंस का जलसा में उमड़ी भीड़




**गुमला।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर में मुस्लिम भाइयों के द्वारा एक अजमत ए वालिदैन कॉन्फ्रेंस का एक जलसा किया गया। शनिवार कि देर रात शरीफ और तकरीर पढ़ा गया। ग्राम गोविंदपुर के इमाम अहमद राजा साहब ने बहुत ही बेहतरीन अंदाज में नात गुनगुनाया जो कि एक सबक देते हुए संबोधित किया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी गोविंदपुर के सदर जियारुल अंसारी व सिकरेत्री जाकिर खान, बेलाल अंसारी, मैनू खान, इमाम अजहर रब्बानी और सैकड़ो मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

### मछली मारने गए अम्बा बांध में डूबने से एक की मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के टिंनटांग बसाईरटोली गांव में वन विभाग द्वारा बनाए गए अम्बा बांध में डुबने से गांव के सुदेश रौतिया पिता स्वर्गीय ठोल्हा रौतिया उम्र 55 वर्ष की मौत हो गई घटना सुबह 11.30 बजे की है घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बतलाया की रविवार को गांव में सरहुल का पर्व है ।जिसमें परंपरा के अनुसार शनिवार के दिन सभी ग्रामीण बांध में मछली पकड़ने गए थे। सभी ग्रामीण बांध में उतरकर मछली पकड़ रहे थे वहीं मृतक बांध के बाहर ही बैठा हुआ था। लेकिन फिर अचानक से बांध में उतर गया और डुबने लगा जिसे देख ग्रामीणों ने तत्काल ही उसे बाहर निकाला जिसके बाद अचानक उसकी मौत हो गई।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के हनहट पंचायत के हुदू गांव निवासी शनिदेव भगत उम्र लगभग 20 वर्ष पिता वासदेव भगत ने शनिवार रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी अनुसार शनिदेव का शादी बिगत 14 मई को हुआ था,उसने खुद को फांसी लगाकर क्यों आत्महत्या कर ली इसके कारणों का पता नही चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर कैरो थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमास्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। जवान लड़के के मौत से घर परिवार,पास पड़ोस, रिस्तेदारो में शोक का माहौल है।

### लाइफलाइन संस्थान के सदस्य ने किया रक्तदान



**गुमला।** रक्तदान करने वालों में शशि मिश्रा ने बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया। शशि मिश्रा ने सातवीं बार रक्तदान किया। वर्तमान समय में ब्लड बैंक गुमला में ए पॉजिटिव ब्लड स्टॉक में उपलब्ध नहीं है। जिससे जिन मरीजों को ए पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है उन्हें बहुत दिक्कत हो रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मरीजों की सहायता के लिए सदस्य ने रक्तदान किया। मौके पर लैब टेक्नीशियन जेरेन सोरेन कमल विश्वकर्मा, अमन प्रसाद, रोहित खंडेलवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड, राँची।

### मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत लोकसभा आम चुनाव, 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव, 2024 हेतु** , सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र **(EPIC)** प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तदनुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)

**वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज:–**

2 आधार कार्ड,
3 मनरेगा जॉब कार्ड,
4 बैकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
6 ड्राइविंग लाइसेंस,
7 पैन कार्ड,
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
9 भारतीय पासपोर्ट,
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**झारखण्ड राज्य अन्तर्गत लोकसभा आम चुनाव, 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव में सभी मतदाताओं से अपी ल है कि निर्भिक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

PR No. 324961 (Election) 2024-25

मुख्य निर्वाचन पदाधि ाकारी
झारखण्ड, राँची।

# कोडरमा लोस व गांडेय विस उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी मुकम्मल

**आज होना है मतदान**






**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत झारखंड में सोमवार को कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधानसभा उपचुनाव होना है। जिसे देखते हुए रविवार को जिला मुख्यालय के चार डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों के साथ सुरक्षा बल के जवानों को रवाना किया गया। जिला मुख्यालय के गिरिडीह कॉलेज, शहर के झंडा मैदान, बाजार समिति, कृषि संरक्षण केन्द्र से मतदान कर्मियो और अर्ध सैनिक बल के जवानों को सरकारी वाहनों से रवाना किया गया। इस दौरान डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा के साथ डीटीओ शैलेश प्रियरदर्शी, एसडीपीओ बिनोद रवानी, प्रोडेशनल डीएसपी नीलम कुजूर सहित कई वरीय अधिकारी डिस्पैच सेंटर में निगरानी रखे हुए थे। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने मतदान के लिए सभी पोलिंग पार्टी को अपने कर्तव्य पथ की ओर रवाना किया।साथ ही उन्होंने सभी डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी को चुनाव कार्यों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने का निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त श्री लकड़ा ने कहा कि करीब 1634 मतदान केंद्र के लिए साढ़े सात हजार मतदान कर्मियो को भेजा जा रहा है। कहा कि गिरिडीह से गांडेय के साथ जमुआ, बगोदर, धनवार, व गांडेय विधानसभा के अंतर्गत मतदान केंद्र के लिए मतदान कर्मियों को रवाना किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केदो पर मतदाताओं के बैठने हेतु 15 X 15 साइज का पंडाल भी लगाया गया है ताकि मतदान करने पहुंचने वाले मतदाता को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके उसे पंडाल में बैठने हेतु कुर्सी पीने का पानी मेडिकल किट आदि की व्यवस्था की गई है।

**बोकारो में नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का छोड़ा पर्चा**

# पुलिस ने जब्त किया पोस्टर, जांच जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के कसमार प्रखंड के खैराचातर और कसमार के विभिन्न इलाकों में भाकपा माओवादियों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार को लेकर पोस्टरबाजी की है। साथ ही पर्चा भी छोड़ा है। बोकारो धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है। यहां 25 मई को वोट डाले जायेंगे। कसमार थाना प्रभारी ने बताया कि झारखंड रीजनल कमेटी के नाम से पर्चा भी छोड़ा गया है। सूचना मिलने पर रविवार की सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टर जब्त कर लिया। मामले की जांच चल रही है। ये पोस्टर उत्तरी छोटा नागपुर जोनल कमेटी भाकपा माओवादी की तरफ से जारी किया गया है। इसमें लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने, नवजनवादी भारत के निर्माण में भूमिका बढ़ाने की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में बेरमो अनुमंडल के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुर्कनालो में माओवादियों ने पोस्टरबाजी की थी कई पर्चें भी छोड़े थे। साथ ही चतरो चट्टी थाना क्षेत्र के करीं पंचायत के कुर्क नालो, बड़की टांड और तीसरी में भी पोस्टर चिपकाया था।

## एक नजर

### जेसीआई यूथ रांची के तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**रांची।** जेसीआई यूथ राँची के द्वारा पिछले 3 दिनों से चल रहे समर कैंप रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। समर कैंप में डांसिंग, ड्रामा, प्रिंटिंग आर्ट एंड क्राफ्ट तथा गेम्स आदि सिखाए गए। संस्था की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल बताया कि समापन अवसर पर बच्चों ने अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों के साथ फूलों की होली खेली गई। समापन मौके पर प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### रांची जिला बालक बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची।** जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में दिनांक 19 मई को प्रातः सात बजे झारखंड राज्य खो-खो संघ के कोषाध्यक्ष डॉ० अजय झा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन रांची जिले के सभी कोटि के विधालय/ महाविद्यालय/ क्लब/ ग्रामीण क्षेत्रों से साठ खिलाड़ी ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सभी आयु वर्गों में बीस -बीस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

**घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में पीएम मोदी की चुनावी जनसभा, बोले अर्जुन मुंडा**

# मोदी की सरकार बनने के बाद आदिवासी हित में हुए कई काम




**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान (मऊभंडार) में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा में केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा सीट के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद आदिवासियों के हित में कई काम हुए।

### राज्य की महागठबंधन सरकार दलित विरोधी : अमर बाउरी

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने झारखंड की गठबंधन सरकार को दलित विरोधी करार दिया। साथ ही कहा कि उसके मंत्रिमंडल में एक भी दलित मंत्री नहीं है। अमर बाउरी ने जमशेदपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रहे इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जमशदेपुर में इंडी अलायंस का उम्मीदवार टेंडर मैनेज करने वाले और कमीशनखोरों के सरगना हैं।

जमशेदपुर लोकसभा सीट के उम्मीदवार विद्युत वरण महतो ने कहा कि उन्होंने हमेशा अपने क्षेत्र की आवाज संसद में उठाई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता कान खोलकर सुन लें कि संसद में मैंने एनएच का मुद्दा भी उठाया। सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए की सरकार जो कहती है, वह करती है। गरीबों के हित की बात एनडीए की सरकार ही करती है।

## न्यूज बॉक्स

### उमेश राणा ने इंडी गठबंधन को समर्थन देने का किया एलान




**गिरिडीह।** झारखंड युवा एकता संगठन दिल्ली के प्रधान संरक्षक उमेश राणा ने अपनी टीम के साथ इंडी गठबंधन को समर्थन देने का एलान किया है। रविवार की शाम उमेश राणा ने तिसरी प्रखंड के सिंघो स्थित अपने पैतृक आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन से प्रभावित होकर उन्हें समर्थन देने वह अपनी टीम के साथ दिल्ली से चलकर आएं हैं। इस दौरान इंडी गठबंधन के दर्जनों समर्थक उनके आवास पर पहुंचे। जहाँ उन्होंने भाकपा माले, राजद, कांग्रेस और आप पार्टियों का झंडा बुलंद करने की बात कही। मौके पर झारखंड युवा एकता संगठन के अध्यक्ष रघु यादव, अरुण मिस्त्री, भोला शर्मा, रविन्द्र राउत, कालेश्वर यादव, मनोज शर्मा, विनोद कुमार, उदल रजक, मंटू शर्मा,वीरेंद्र यादव, उपेंद्र शर्मा, सुजीत यादव, भूषण यादव, मो. सनाउल्लाह, बिरजू राम,पवन यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी का पद से इस्तीफा



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम से ठीक पहले भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को लिखा है कि पूर्वी सिंहभूम में उनके साथ स्थानीय संगठन के जरिए सुनियोजित तरीके से अपमानित किया जा रहा था और उन्हें कार्यक्रमों से दूर रखा जा रहा था। उनके समर्थकों के साथ भी ऐसा ही किया जा रहा था। कुणाल ने लिखा है कि इसकी सूचना उन्होंने पहले ही प्रदेश अध्यक्ष को दी थी। साथ ही इसकी जानकारी प्रदेश संगठन मंत्री और प्रदेश प्रभारी को भी दी थी। उन्होंने लिखा है कि कोई कार्रवाई नहीं होने पर आहत मन से वह प्रदेश प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे रहे हैं। साथ ही कहा कि पार्टी में उनकी उपेक्षा हो रही थी। उन्हें अपेक्षित तौर पर संगठन का साथ नहीं मिल रहा। ऐसे में प्रवक्ता पद से वे इस्तीफा दे रहे हैं। अब पार्टी चाहे तो उनके खिलाफ एक्शन ले सकती है।

### पशु-पक्षियों के लिए सैकड़ों स्थान पर चुग्गा पानी की व्यवस्था

**रांची।** भीषण गर्मी का दौर जारी है, इंसान के साथ साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। जानवर भूख प्यास से दम न तोड़ें, इसके लिए विशेष इंतजाम करते हुए राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में राजधानी रांची के मोरबादी मैदान एवं पहाड़ी मन्दिर परिसर में पेड़ों पर मटकी का पॉट लगाया गया क्योंकि पहाड़ी मंदिर के जंगलों में बहुत सारे गिलहरी, सांप, पंछियों का बसेरा है इस प्रयास से बेजुबानों की जान बच जाती है प्यास मिट जाती है इससे बड़ा कोई सेवा हो नहीं सकता है रांची के सैकड़ों जगहों पर पशु पक्षियों के लिए पीने के लिए पानी एवं खाने के लिए दाना का व्यवस्था की गई। राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने लोगों से विनम्र अपील की है, की सभी लोग अपने अपने घर के छत पर एवं वैसे स्थान जहाँ पशुओं एवं पक्षियों का आवागमन होता हो वहाँ पशु-पक्षियों के लिए मिट्टी का पॉट की व्यवस्था करें जिससे इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों दाना पानी मिल सके एवं उनकी जान बच सके। ऐसा कर आप पुण्य के भागी भी बनें।

### अनुपमा सिंह के पक्ष में कल्पना सोरेन ने की चुनावी जनसभा



**बोकारो।** झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने रविवार को चंदनकियारी में धनबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अनुपमा सिंह को इतने वोटों के अंतर से जिताइये कि जेल का ताला खुल जाये और हेमंत सोरेन छूट जाएं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि धनबाद और बोकारो में सीधे-साधे लोग रहते हैं। ऐसे में लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, टाइगर की जगह जंगल में है और जंगल में ही टाइगर को कैद कर रख दिया जाएगा। कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह ने लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि वह एक सुखी-संपन्न परिवार से आती हैं। लोगों की सेवा और क्षेत्र का विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान इंडी अलायंस के कई नेता मौजूद रहे।

# मृतक के परिजनों से मिले पूर्व विधायक राजकुमार

**चाल धंसने से हुई थी दो महिलाओं की मौत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** पूर्व विधायक राजकुमार यादव रविवार को चाल धंसने की घटना में मृत दोनों महिलाओं के परिजन से मिले व हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बता दें कि गावां प्रखंड अंतर्गत ग्राम बिरने निवासी फुलवा देवी व टुनी देवी की चाल धंसने से मौत हो गई थी। श्री यादव ने कहा कि महिला के परिजनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है। अपने बच्चों के भूख को शांत करने के लिए महिला ढिबरा चुनने गई थी जहां हादसा हुआ है। झारखंड सरकार को मामला संज्ञान में लेकर परिजनों को मुआवजा देना चाहिए। कहा कि इन बच्चों की पढ़ाई लिखाई भरण पोषण की व्यवस्था हम अपने तरफ से करेगें, और हम समाज के तमाम लोगों से अपील करते हैं कि लोगों से जो बनता है वो इन बच्चों को मदद किजिए। ताकि इन बच्चों को कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े। मौके पर बिरने मुखिया चंदन यादव, संजय पासवान, लटन यादव, नरेश कुमार, अभिनंदन कुमार विश्वकर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# वाहन नहीं मिलने से नाराज मतदान कर्मियों ने डुमरी में जाम कर दी सड़क



**वनांचल चौक पर प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव कराने जा रहे डुमरी प्रखंड के दर्जनों मतदान कर्मियों ने वाहन उपलब्ध नहीं होने से नाराज होकर रविवार की सुबह डुमरी-गिरिडीह पथ को वनांचल चौक के पास जाम कर दिया। सड़क पर धरने पर बैठक गए और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मतदान कर्मियों ने करीब एक घंटा तक सड़क जाम रखी। इसके चलते सड़क के दोनों ओर व पुराना जीटी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही डुमरी एसडीओ शहजाद परवेज, बीडीओ अन्वेषा ओना व बीआरसीसी जयकुमार तिवारी जाम स्थल पहुंचे और मतदान कर्मियों को समझाकर अनुमंडल कार्यालय ले गए। इसके बाद सड़क पर वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। गिरिडीह से वाहन पहुंचने के बाद सुबह करीब 9 बजे सभी मतदान कर्मियों को जिला डिस्पैच सेंटर रवाना किया गया। मतदान कर्मियों ने बताया कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में मतदान कराने के लिए उन्हें क्षेत्र के अलग-अलग बूथों पर ड्यूटी दी गई है। उन्हें सुबह 5 बजे डुमरी बुलाया गया था। वे लोग निर्धारित समय पर पहुंच गए, लेकिन वहां वाहन की व्यवस्था नहीं थी। कोई कोई कुछ बताने वाला भी नहीं था। काफी इंतजार के बाद भी जब वाहन नहीं पहुंचा, तो उन्हें सड़क जाम करनी पड़ी। मौके पर कमल किशोर महतो, डिलचन्द महतो, भोलाराम क्रान्ति, संजय यादव, राजेश कुमार, हीरालाल महतो, बालेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, सोहराय महतो, प्रयाग महतो, जानकी महतो, समेत अन्य मतदान कर्मी मौजूद थे।

# पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पैसे कहीं देश के बाहर तो नहीं भेजे जाते : दीपक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता व मंत्री आलमगिर आलम को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा, मेरा सीधा आरोप है कि उनके पैसों के स्त्रोत की जांच सीबीआई से कराई जाए की इनके पैसे कहाँ भेजे जाते हैं? जो जानकारी मिल रही है वो काफी खतरनाक है। कही इनका पैसा देश से बाहर तो नही जा रहा, इसलिए इसकी जांच मैं सीबीआई से कराने की मांग करता हूं। धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में रविवार को वो जनसंपर्क करने धनबाद पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया से कही।

उन्होंने कल्पना सोरेन के एक आरोप के जवाब में कहा कि देश की मोदी सरकार बेशक ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को मजबूत करना चाहती है, ताकि गरीबो का पैसा लूटकर अपना तिजोरी भरने वाले भ्रस्टाचारियों की तिजोरी से उन पैसों को निकाल कर देश की जनता के विकास में लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड पूरा मोदीमय है, झारखंड के साढ़े तीन करोड़ जनता के दिल मे मोदी बस्ते है और मोदी के दिल मे झारखंड। झारखंड को अलग राज्य भाजपा की अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने बनाया। जब जब यहाँ डबल इंजन की सरकार रही झारखंड विकास की पटरी पर दौड़ा और जब भी झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन की सरकार बनी इन्होंने राज्य के विकास, राज्य की गरीब आदिवासी जनता के लिए आए पैसों को अपने तिजोरी में भरने का काम किया। उन्होंने धनबाद लोकसभा सीट पर जीत के सवाल पर कहा की झारखंड के सभी 14 सीट पर भाजपा जीत दर्ज करेगी और धनबाद उसमे अव्वल होगा।

**लोकसभा चुनाव** | **डीसी-एसपी ने मतदान को लेकर त्रुटि रहित चुनाव संपन्न करने को दिए निर्देश**

# वोटर्स के लिए बूथ में मोबाइल फोन ले जाना वर्जित




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने 25 मई को धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर रविवार को न्यू टाउन हॉल में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को जीरो एरर तथा शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि मतदान के दिन बूथ में वोटर्स के लिए मोबाइल फोन ले जाना वर्जित रहेगा। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित चुनाव संपन्न कराने तथा ईवीएम की तकनीकी समस्या से निपटने के लिए हर प्रखंड में इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर तथा मास्टर ट्रेनर मौजूद रहेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि सुबह सात बजे से मतदान शुरू कराए। हर दो घंटे पर इसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराए। कोई समस्या आने पर संबंधित विधानसभा के एआरओ से संपर्क करें। शाम पांच बजे तक बूथ पर पहुंचने वाले मतदाताओं से वोटिंग जरूर कराए।

उपायुक्त ने कहा कि 24 मई को तीनों डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी चुनाव सामग्री लेकर संबंधित बूथ के लिए रवाना होगी। पोलिंग पार्टी तय वाहन में, रूट चार्ट के अनुसार, बिना रास्ते में रुके, अपने मतदान केंद्र पर पहुंचेगी। इसी प्रकार चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान केंद्र से सीधे रिसीविंग सेंटर पहुंचेगी।

साथ ही सभी को अनिवार्य रूप से अपना आइडेंटिटी कार्ड पहनने, बूथ पहुंचने के बाद कहीं और नहीं जाने, जिला पुलिस बल एवं होमगार्ड को समय पर मतदान केंद्रों में पहुंचने, टुंडी एवं बाघमारा में चुनाव संपन्न कराने के बाद बोकारो जाने के लिए तय रूट का पालन करने का निर्देश दिया।

### बूथ पर की जाने वाली तैयारी

उपायुक्त ने बूथ पर की जाने वाली तैयारी, मॉक पोल, मॉक पोल के बाद की प्रक्रिया, वोटिंग के दौरान, वोटिंग खत्म होने के बाद, प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी, प्रपत्र 17 ए, 17 सी, पुरुष, महिला व थर्ड जेंडर मतदाताओं का मिलान, विभिन्न तरह के एनेक्सचर सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर द्वारा बताए गए हर बिंदुओं का अक्षरशः अध्ययन व पालन करने, चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उनके दायित्वों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स, पुलिस पदाधिकारी के साथ 30 से अधिक मोटरबाइक पर सवार क्यूआरटी टीम मौजूद रहेगी। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस पदाधिकारी के साथ समन्वय रखने, 24 मई की सुबह से ईवीएम जमा कराने तक साथ रहने का निर्देश दिया।

# पश्चिमी सिंहभूम में नाबालिग भतीजी को किया गर्भवती

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोकलो थाना क्षेत्र में सेवानिवृत शिक्षक ने नाबालिग भतीजी का यौन शोषण कर गर्भवती कर दिया। इस घटना के खुलासे के बाद रविवार को ग्रामीण महिलाओं ने जमकर शिक्षक की पिटाई की और जूते-चप्पल की माला पहना कर पूरे गांव में घुमाया। जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर प्रखंड के गोपीनाथपुर पंचायत अंतर्गत सनाईकुटी गांव निवासी लक्ष्मण हांसदा (65) भतीजी को घर के कामकाज के लिए रखा था। रविवार की सुबह भतीजी अपने घर गयी हुई थी, जहां बेहोश होकर गिर पड़ी। घरवाले उसे बेहोशी की हालत में चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे सात महीने की गर्भवती बताया। इलाज के बाद होश आने पर लड़की ने बताया कि चाचा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाते थे।

**सुप्रभात**
बुराई से बुराई कभी खत्म नहीं होती। घृणा को तो केवल प्रेम द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है : गौतम बुद्ध

# अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच ऐतिहासिक समझौता

***लोकसभा*** चुनाव के ऐन बीच में भारत द्वारा ईरान से चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए किया गया। दस वर्षीय अनुबंध को भू-राजनीतिक दृष्टि से एक जबर्दस्त रणनीतिक कदम बताया जा रहा है। भारत द्वारा किसी विदेशी या बाहरी बंदरगाह के प्रबंधन का यह पहला प्रयास है। ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित गहरे पानी का बंदरगाह चाबहार भारत के सबसे नजदीक खुले समुद्र में स्थित है, जहां भारी मालवाहक जहाज सरलतापूर्वक सुरक्षित रूप से पहुंच सकते हैं। साथ ही इस बंदरगाह में भारत, ईरान, अफगानिस्तान और यूरेशिया को आपस में जोड़ने की क्षमता है और यह चीन के बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का वैकल्पिक रास्ता मुहैया करवा सकता है। जाहिर है, क्षेत्रीय दृष्टि से इस कदम के दूरगामी परिणाम होंगे। इससे न केवल चीन के बेल्ट ऐंड रोड इनिशिएटिव का मुकाबला किया जा सकता है, बल्कि पाकिस्तान का ग्वादर बंदरगाह भी संतुलित होगा। चाबहार को इंटरनेशनल नार्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर (आईएनएसटीसी) से जोड़ने की भी योजना है, जिससे ईरान से होकर भारत के लिए रूस का रास्ता भी खुल जाएगा। यह बंदरगाह पाकिस्तान को दरकिनार कर अफगानिस्तान और केंद्रीय एशिया के लिए भी भारत का रास्ता साफ करेगा। विदेश मंत्रालय के जानकार सूत्रों के अनुसार, इस दिशा में पिछले साल से ही काम चल रहा था। पिछले वर्ष अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के बीच हुई चर्चा में चाबहार मुख्य मुद्दा था। फिर नवंबर में दोनों नेताओं की फोन पर हुई बातचीत का केंद्र बिंदु भी चाबहार बंदरगाह ही था। वर्ष 2018 में तत्कालीन ईरानी राष्ट्रपति रूहानी की भारत यात्रा में बंदरगाह के विकास में भारत की बढ़ी हुई भूमिका का मुद्दा और परवान चढ़ा। फिर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की इसी साल जनवरी में हुई तेहरान यात्रा में बात और आगे बढ़ी। ऐसा नहीं है कि यह समझौता पहली बार हुआ है। वस्तुतः यह समझौता 2016 में मोदी की ईरान यात्रा के दौरान ही हो चुका था। मूल समझौते में चाबहार बंदरगाह के बहिश्ती टर्मिनल के ऑपरेशन ही शामिल थे, जिसका हर साल नवीनीकरण होता था। मई 2016 में भारत ने शाहिद बहिश्ती टर्मिनल के विकास के लिए अफगानिस्तान और ईरान के साथ एक त्रिपक्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। अब यह दीर्घकालीन अनुबंध प्रारंभिक समझौते का स्थान लेगा। पिछले दो दशकों में चीन और भारत क्रमशः दुनिया की दूसरी और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के रूप में ऊपर उठ चुके हैं। व्यापार और सुरक्षा के क्षेत्रों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए इन दोनों एशियाई महाशक्तियों ने अंतरराष्ट्रीय गलियारों-विशेष रूप से हिंद महासागर पर ध्यान केंद्रित किया है। हिंद महासागर क्षेत्र में तीन महाद्वीपों के 28 देश आते हैं, जिनमें से कुछ तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाएं भी शामिल हैं। इस क्षेत्र में विश्व के अत्यधिक मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन हैं, जैसे दुनिया के 16.8 प्रतिशत तेल भंडार और वैश्विक प्राकृतिक गैस के 27.9 प्रतिशत भंडार। चीन ने हिंद महासागर में अपने रणनीतिक हितों के संरक्षण के लिए ह्यमोतियों की लड़ीह्ल (स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स) की समुद्री रणनीति अपनाई है। बांग्लादेश, म्यांमार, पाकिस्तान, मालदीव और तंजानिया जैसे तटीय दक्षिण एशियाई और अफ्रीकी देशों में बंदरगाहों की दीर्घकालीन पट्टे और उनके निर्माण में भारी निवेश उसकी इस रणनीति का एक हिस्सा है। हिंद महासागर में चीन की इस संलिप्तता के जवाब में भारत ने हिंद महासागर के देशों के साथ सहयोग, वार्ता, विकास में मदद और निवेश के लिए अपनी ह्यहीरों का हारह्ल (नेकलेस ऑफ डायमंड्स) रणनीति बनाई है। वस्तुतः यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यापक 'लुक ईस्ट' योजना का हिस्सा है, जो आसियान देशों के साथ रिश्ते मजबूत करने और चीन के समुद्री वर्चस्व से उपजी चिंताओं से निपटने के लिए बनाई गई है। हिंद महासागर में चीन और भारत के बीच प्रतिस्पर्धा का सर्वाधिक स्पष्ट पहलू है-पाकिस्तान का चीन संचालित ग्वादर बंदरगाह और ईरान का भारत द्वारा संचालित चाबहार बंदरगाह। मजेदार बात यह है कि पाकिस्तान केंद्रीय एशियाई देशों को हिंद महासागर क्षेत्र में पहुंच बनाने के लिए कराची बंदरगाह का इस्तेमाल करने के लिए काफी समय से ललचा रहा है।

इन दिनों

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



***बात*** भले ही अजीब लगे पर यह सच्चाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हैं पर भारत, रूस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति के अत्यधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कौड़ी सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू-स्खलन, सुनामी, ग्लेशियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाए तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की मानें तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकार्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रैल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड़-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है। आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले के धुएं के कारण किस तरह से वातावरण दूषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीएफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। कई बार तो ऐसा लगता है जैसे मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आरओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा है। उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन हैं वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। देखा जाए तो प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने का नजीजा सामने आने लगा है। वातावरण दूषित होने के साथ ही कभी सावन बिन बरसात रह जाता है तो कभी अप्रैल-मई में भी बरसात के कारण सर्दी से दो-चार होना पड़ जाता है। समय आ गया है जब इस समस्या के निराकरण के लिए विशेषज्ञों को खासतौर से ध्यान देना होगा नहीं तो हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जाएंगे। इसे भले ही चेतावनी समझा जाएं या कुछ और पर सबकुछ शीशे की तरह साफ है। अब समय आ गया है कि धरती के बढ़ते तापमान के स्तर को कम करने के उपायों पर गंभीरता से प्रयास किये जाएं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## काव्य कोना

### मीत मिलन की आस

भीनी-भीनी खुशबू
मधुर-मधुर पुरवैया
संयोग शगुन सा लागे !
पल-क्षण, पल-क्षण राह निहारूँ
चोरी-चोरी घूँघट से झाँकूँ
एक कोने में आस जगी रे !
धीरे-धीरे मनवा डोले
पीहू-पीहू पपीहा बोले
आयेंगे फिर बन के बहार
बैठी हूँ आज तन-मन सजाये
नदिया की धारा, चँदा की छाँव
आतुर नयना मनवा बौराये
जाने किधर से आयेंगे वो
बोले-बोले घूँघटा बोले।

**नाग मणि**

## आपकी बात

### जीवन से हताश क्यों हो रही है तरुणाई?

मनोज कुमार अग्रवाल



***हाल*** ही में विभिन्न बोर्ड के हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद देश के कई हिस्सों में किशोर छात्र छात्राओं द्वारा सुसाइड करने की ढेर सारी दुखद घटनाओं के समाचार आ रहे हैं। हमारे नौनिहालों पर पंद्रह सत्रह साल की उम्र में ही परीक्षा में कम न नम्बर आने पर जिंदगी से हार मान लेने की हताशा दिलो-दिमाग पर छाए रही है। हमारे स्कूलों में शिक्षा का कैसा माहौल चल रहा है यह किसी से छिपा नहीं है स्कूल कालिज विशुद्ध व्यापार या कार्पोरेट कंपनी की तर्ज पर चलाए जा रहे हैं सरकारी स्कूलों के इंतजामात बदतर है प्राइवेट स्कूल कालिजो की फीस एक औसत परिवार की कमर तोड़ देती है ऐसी स्थिति में भारी भरकम फीस चुका कर कोचिंग और ट्यूशन में ठगा जाने वाला आम अभिभावक अपने बच्चों से परीक्षा में अव्वल आने का हसीन ख्वाब पाल लेते हैं क्योंकि वह सिर्फ महंगी फीस चुका कर अपना फर्ज पूरा करने की मानसिकता में जीते हैं जबकि बच्चों को सिर्फ उनकी अपनी वंशानुगत या गाड गिफ्टेड बौद्धिक व तर्क क्षमता के अनुरूप सीखने समझने का मौका मिलता है ऐसे में हर बच्चा डिस्टिंक्शन मार्क्स हासिल कर सके यह सम्भव ही नहीं है लेकिन तमाम परीक्षाओं और आगामी पढ़ाई की प्रवेश परीक्षाओं में नम्बर गेम हावी है और ऐसा भयावह माहौल तैयार किया जा रहा है कि यदि नम्बर गेम में पिछड़े तो जिन्दगी में भी पिछड़ जाओगे ऐसे बेहद कुटिल संवेदना रहित प्रतिस्पर्धी माहौल में बच्चों के ऊपर बन रहे दबाव मिल रहे तानों और कैरियर बिगड़ जाने के खतरे के साथ साथ बेरोजगार रह जाने के भय के बीच मां-बाप की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने की हीन भावना बच्चों को जीवन से हार मान लेने की ओर धकेल रही है। यह हालात तैयार करने के लिए सरकार सिस्टम शिक्षा पद्धति अभिभावक सब सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं। सिर्फ एक परीक्षा में अपेक्षित परिणाम न आने पर हमारी किशोर व नवयुवा जनरेशन सुसाइड की राह चुन रही है। एक अध्ययन में बताया गया कि भारत में आत्महत्याओं की सर्वाधिक दर 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच है। वर्ष 2022 में होने वाली आत्महत्याओं में 7.6 प्रतिशत छात्र थे और उस वर्ष 13,000 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की थी। हाल ही में परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा के बाद आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं से कलेजा फट पड़ता है 12 अप्रैल, 2024 को मुम्बई के कांदीवाली में अजय जांगिड़ नामक एम.बी.बी.एस. के छात्र ने परीक्षा में कम अंक आने के कारण अवसाद से पीड़ित होकर अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। 8 मई को झारखंड के गिरिडीह में कार्मेल स्कूल की छात्रा शाम्भवी कुमारी ने आई. सी.एस.ई. की दसवीं कक्षा की परीक्षा में कम अंक आने के परिणामस्वरूप अवसादग्रस्त हो जाने के कारण फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। 9 मई को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में 10वीं कक्षा की परीक्षा में साक्षी नामक छात्रा को हालांकि 95.3 अंक प्राप्त करने पर विद्यालय ने सम्मानित किया था, परंतु वह स्कूल में मात्र 3 अंकों के अंतर से टॉपर बनने से वंचित रह जाने के कारण गुमसुम रहती थी और इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली। 14 मई को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर इलाके में सी.बी.एस.ई. की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 2 विषयों में फेल होने पर अर्जुन सक्सेना नामक 16 वर्षीय छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। 14 मई को ही उत्तर प्रदेश में चंदौली के चकियां कोतवाली इलाके में सी. बी. एस.ई. की 10वीं कक्षा की छात्रा हिना अपनी आशा के विपरीत मात्र 70 प्रतिशत अंक पा कर इतनी निराश हुई कि अपने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

लोस चुनाव

# भारत में बढ़ते जनसंख्या दबाव के बीच रोजगार देने में सफल मोदी सरकार

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



***केंद्र*** में देश की जनता किसे चुनने जा रही है यह कुछ दिनों में साफ हो जाएगा, किंतु जिस तरह से कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष ने भाजपा की केंद्र सरकार और पीएम मोदी को आर्थिक क्षेत्र को आधार बनाकर घेरना जारी रखा है उसने आज पिछली मनमोहन सरकार और मोदी सरकार के कार्यकाल के तुलनात्मक अध्ययन के लिए प्ररित जरूर किया है। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की दर बढ़ी है और जनता परेशान है। किंतु हकीकत में यह लगता नहीं है, क्योंकि सरकारी स्तर पर या निजी संस्थाओं के इस संबंध में अब तक किए गए सभी सर्वे एवं अध्ययन मोदी सरकार के पक्ष में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वस्तुतः देश की जनता ने अटल सरकार के बाद दस साल कांग्रेस को भी दिए थे, लेकिन आंकड़े यही बता रहे हैं कि एनडीए की सत्ता में जिस गति से अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार कार्य कर रही थी, वह गति कांग्रेस की मनमोहन सरकार आते ही धीमी पड़ गई थी। इस स्थिति में भारत की आम जनता ने फिर से भाजपा की ओर आशा भरी नजरों से देखा। उसके बाद की स्थिति पूरी दुनिया के सामने मौजूद है। भारत कहां था और अब कहां से कहां पहुंच गया है! यह विश्व देख रहा है, कहना होगा कि दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत विकास के सभी आंकड़े तोड़ रहा है। मोदी सरकार और पिछली मनमोहन सरकार के बीच भारत की जनसंख्या और उसके दबाव के बीच संतुलन को यदि देखें तो जब मनमोहन सरकार 2004 में सत्ता में आई तब देश की जनसंख्या 1.136 बिलियन थी जो दस वर्ष के कार्यकाल में बढ़कर 2014 की स्थिति में 1.307 बिलियन पर जा पहुंची थी। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने, तब यही जनसंख्या का ग्राफ बढ़कर 2015 में 1,322, 866, 505 हो गया और 2024 आते-आते यह जनसंख्या का आंकड़ा 1,441, 719, 852 को पार कर गया। पिछले दस सालों में 12 करोड़ अनुमानित जनसंख्या बढ़ी है। यह नवीनतम आंकड़ा भारत की जनसंख्या (लाइव) वल्डोमीटर के अनुसार है। यानी कि देश में एक ओर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा था तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनका मंत्रीमण्डल अपने प्रयासों से आर्थिक क्षेत्र में नवाचार करते हुए रोजगार बढ़ाने के कार्य में जुटे हुए थे।

> **भारत कहां था और अब कहां से कहां पहुंच गया है! यह विश्व देख रहा है, कहना होगा कि दुनिया की सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश भारत विकास के सभी आंकड़े तोड़ रहा है।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# कायम रहेगा योगी राज

डॉ. सौरभ मालवीय



***उत्तर*** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में दिए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान के पश्चात प्रदेश में सियासी पारा बढ़ गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सत्ता में आई तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले डेढ़-दो वर्षों से अमित शाह को पीएम बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुन्धरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे प्रधानमंत्री पद छोड़ कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। अरविंद केजरीवाल के इस बयान की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही है या चर्चा में रहने के लिए यह राजनीतिक जुमला मात्र है। वास्तव में अरविंद केजरीवाल भी जानते हैं कि उनका यह बयान असत्य एवं भ्रामक है। वे इस प्रकार के बयान देकर एक ओर तालियां बटोरना चाहते हैं तो दूसरी ओर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपना रहे हैं। यद्यपि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- 'केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अन्ना हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अन्ना ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं।' इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा - 'आने वाले पांच सालों में मोदी-योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाले हैं।' सियासी गलियारे में इस बयान को अरविंद केजरीवाल के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। इस प्रकार मोदी ने केजरीवाल के बयान को भ्रामक एवं असत्य सिद्ध कर दिया है। इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के पश्चात भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 75 वर्ष की आयु के पश्चात भी अपने पद पर बने रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। इसके अतिरिक्त पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी स्पष्ट कर चुके हैं कि 75 वर्ष के पश्चात सेवानिवृति वाली बात पार्टी के संविधान में नहीं है। इस प्रकार की बातें केवल दुष्प्रचार के लिए बोली जा रही हैं। इसमें दो मत नहीं कि भाजपा का संगठन अत्यंत सुदृढ़ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

### प्रेम मंदिर वृंदावन



***प्रेम*** मंदिर की वास्तुकला अपनी सुंदरता से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देती है। प्रेम मंदिर का निर्माण राजस्थानी सोमनाथ गुजराती स्थापत्य शैली में किया गया है जो वृंदावन के बाहरी इलाके में 54 एकड़ की एक साइट पर स्थित है। मंदिर की पूरी संरचना का निर्माण अच्छी क्वालिटी के इतालवी संगमरमर का इस्तेमाल करके किया गया है। यह मंदिर 'प्राचीन भारतीय कला और वास्तुकला में पुनर्जागरण' का प्रतिनिधित्व करता है। **3. प्रेम मंदिर वृंदावन :** प्रेम मंदिर 125 फीट उंचा 122 फीट लम्बा और 115 फीट चौड़ा है। मंदिर के दरवाजों और खिड़कियों पर बेहद सुंदर नक्काशी की गई है, जो यहां आने वाले लोगों को बेहद आकर्षित करती है। इसके अलावा दीवारों और फर्श को रंगीन पत्थरों से सजाया गया है जिन पर कलियों और फूलों के साथ खिलने वाली फूलों की लताओं के चित्र बने हुए हैं। बता दें कि पूरे प्रेम मंदिर को ऐसी सुंदर लाइट के साथ रोशन किया जाता है जो सच में देखने लायक है। बता दें कि मंदिर की लाइट हर पांच मिनट में रंग बदलती है। प्रेम मंदिर में देखने लायक सुंदर राधा-कृष्ण और राम-सीता की मूर्तियां मंदिर में एक परिधि मार्ग भी है, जिसमें 48 फलक हैं जो श्री राधा कृष्ण के अतीत को दशार्ते हैं। (क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### जियो के ग्राहक हैं तो ऐसे उठाएं फ्री डाटा का मजा




***कई*** बार जियो अपने यूजर्स के लिए फ्री प्लांस भी लेकर आता है जिसमें एक्स्ट्रा डाटा ऑफर किया जाता है, तो वहीं पर कुछ टाइम पीरियड भी एक्स्ट्रा मिलता है। आज हम यहां बात करेंगे कि रिलायंस जियो के वह कौन-कौन से प्लांस है जिनमें आपको एक्स्ट्रा डाटा या फ्री डाटा मिलेगा। रिलायंस जियो को ऐसे ही टेलीकॉम इंडस्ट्री का बादशाह नहीं कहा जाता है, जियो समय-समय पर अपने ग्राहकों को सरप्राइज करने के लिए तमाम तरीके के रिचार्ज प्लांस लेकर आते रहता है, ताकि उसके ग्राहक को बेनिफिट्स मिल सके और उनके यूजर्स की संख्या दिनों दिन बढ़ती जाए। इतना ही नहीं कई बार जियो अपने यूजर्स के लिए फ्री प्लांस भी लेकर आता है जिसमें एक्स्ट्रा डाटा ऑफर किया जाता है, तो वहीं पर कुछ टाइम पीरियड भी एक्स्ट्रा मिलता है। आज हम यहां बात करेंगे कि रिलायंस जियो के वह कौन-कौन से प्लांस है जिनमें आपको एक्स्ट्रा डाटा या फ्री डाटा मिलेगा। यह बात यहां यह बताना जरूरी है कि हम जियो रिलायंस के डाटा प्लान की बात करने जा रहे हैं, वह सारे ही 5जी डाटा ऑफर हैं और यह सारे प्लान 399 रुपए से अधिक है, क्योंकि रिलायंस जियो के सभी 339 से अधिक कीमत वाले प्लांस के साथ 5जी डाटा फ्री है। आईए जानते हैं **398 रुपए प्लान :** अगर आप जियो का 398 का प्लान रिचार्ज करते हैं तो इसमें आपको डेली 2जी डाटा फ्री मिलता है और इसके साथ ही 6जी का एक्स्ट्रा डाटा भी आपको फ्री में जियो दे रहा है।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आप का प्रदर्शन खत्म, बीजेपी दफ्तर जाने से पुलिस ने रोका





एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल से हुई बदसलूकी के मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार की गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने बीजेपी के खिलाफ सड़क पर मोर्चा खोलने का ऐलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी पहले ही इस मामले को बीजेपी द्वारा सीएम को फंसाने के लिए रची गई साजिश और स्वाति को इस साजिश का मोहरा करार दे चुकी है। रविवार को सीएम अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी के तमाम नेताओं के साथ पार्टी मुख्यालय से बीजेपी दफ्तर की ओर मार्च किया। इसके पूर्व पार्टी मुख्यालय में सीएम केजरीवाल ने कहा, बीजेपी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। इन लोगों ने इसके लिए ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया है। इस ऑपरेशन के तहत एक-एक कर आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। चुनाव के बाद हमारी पार्टी के बैंक अकाउंट खाली किए जाएंगे और हमारे दफ्तर को खाली कराया जाएगा। केजरीवाल ने शराब नीति घोटाले को फर्जी बताया। उन्होंने कहा आज तक शराब घोटाले में एक रुपया भी निकला है। ये लोग कहते हैं 100 करोड़ का घोटाला हुआ, तो घोटाले का रुपया कहां उड़ गया। एक दम फर्जी मामले में इन लोगों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल रखा है। उन्होंने कहा हम भाजपा दफ्तर के बाहर सामूहिक गिरफ्तारी देने जा रहे हैं। इसके बाद केजरीवाल पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा मुख्यालय की ओ चल पड़े। मार्च को देखते हुए जगह-जगह सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। पुलिस ने उन्हें रोका तो आम आदमी पार्टी के नेताओं ने बीजेपी ऑफिस जाकर गिरफ्तारी की बात कही, लेकिन इजाजत न मिलने की वजह से उन्हें रुकना पड़ा। इसके बाद थोड़ी देर वे वहीं बैठ गए लेकिन पुलिस की इजाजत नहीं मिलने पर बाकी पार्टी नेताओं के साथ केजरीवाल अपने आवास लौट आए।

**100**
*करोड़ का घोटाला तो रुपये कहां उड़ गये, शराब नीति घोटाले फर्जी*

*बीजेपी आपरेशन झाड़ू के तहत एक-एक कर आप नेताओं को गिरफ्तार कर रही*

### कभी हम निर्भया को न्याय दिलाने सड़क पर निकले थे : स्वाति मालीवाल



**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल ने एक खबर का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कहा कि किसी दौर में हम सब निर्भया को इंसाफ दिलाने के लिए सड़क पर निकलते थे। आज 12 साल बाद सड़क पर निकले हैं ऐसे आरोपित को बचाने के लिए जिसने न सिर्फ एक महिला से मारपीट की, सीसीटीव फुटेज गायब किए और अपना फोन भी फॉर्मेट कर दिया।

### निर्भया के लिए लड़ने वाली स्वाति आज भयभीत होकर जी रही : माधवी



हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने रविवार को स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट मामले में कहा कि केजरीवाल को वो जगह चाहिए जहां आज स्वाति हैं। इसलिए सीएम की सहमति से स्वाति के साथे दुर्व्यवहार किया गया। कभी निर्भया के लिए लड़ने वाली स्वाति आज खुद भयभीत होकर जी रही है।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 5-8-9
किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृषभ** — शुभांक 5-6-7
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजनो के सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मिथुन** — शुभांक 1-2-5
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कर्क** — शुभांक 1-8-9
स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**सिंह** — शुभांक 5-6-8
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोरथ सिद्धि का योग है। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**कन्या** — शुभांक 6-8-9
स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**तुला** — शुभांक 4-5-6
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक** — शुभांक 5-6-9
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।


**धनु** — शुभांक 6-7-8
शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**मकर** — शुभांक 5-6-8
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कुम्भ** — शुभांक 1-6-7
माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**मीन** — शुभांक 3-5-7
प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा।

# अहमदाबाद में मदरसा में सर्वे करने पहुंची टीम पर हमला, प्राथमिकी दर्ज



*मदरसे में पढ़ते बच्चों का सामान्य स्कूल में पढ़ना जरूरी है या नहीं इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश भी दिए गए हैं*

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से दिए गए आदेश के बाद गुजरात के 1,100 से ज्यादा मदरसों का सर्वे किया जा रहा है। अहमदाबाद शहर और ग्रामीण के भी कुल 205 मदरसों के सर्वे जारी हैं। अहमदाबाद के दरियापुर में मदरसा में सर्वे करने पहुंची टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। जब सर्वे टीम पहुंची तब मदरसा बंद था। इसी दौरान सर्वे टीम पर अहमदाबाद के दरियापुर की सुलतान सैयद मस्जिद के बाहर भीड़ ने घेराव कर हमला किया। जिसके बाद दरियापुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। सरकारी काम में रुकावट और लूट के आरोप में कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक स्कूल के शिक्षक मदरसा की सर्वे टीम में शामिल थे, जिन पर हमला किया गया। फरहान और फैजल पर नामजद एफआईआर के साथ कुल पांच लोग और 35 से ज्यादा की भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सर्वे टीम में शामिल शिक्षक राकेश पांड्या ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। आज जब मदरसा का सर्वे करने टीम पहुंची तो उस पर हमला किया गया।

सरकार के आदेश के बाद हम यहां पर सर्वे करने आए, लेकिन, जिस तरह हम लोगों के साथ घटना घटी है, ऐसे में हमें सुरक्षा मिलनी चाहिए। चुनाव का समय चल रहा है और आचार संहिता लगा हुआ है। ऐसा संवेदनशील मामला समाज में होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अनमैप्ड मदरसों की भी मैपिंग करने के आदेश दिए जाने के बाद मदरसे में सर्वे किया जा रहा है। मदरसे में पढ़ते बच्चों का सामान्य स्कूल में पढ़ना जरूरी है या नहीं इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश भी दिए गए हैं। इसके मद्देनजर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 7 मई को गुजरात के मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। जिसके बाद सर्वे का काम शुरू किया गया। इस दौरान मदरसा संचालक की सारी जानकारी प्राप्त की जा रही है। मदरसा संचालन से जुड़े हुए ट्रस्ट, संस्था साथ से जानकारी ली जा रही है।

## इनके पास कोई मुद्दा नहीं बिना मतलब की बात करते हैं



*इन लोगों ने (भाजपा) सिर्फ और सिर्फ मुझे, लालू यादव और हमारी पार्टी को गाली देने का काम किया है।*

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के रण में राजनीतिक बयानबाजियों का दौर जारी है। आए दिन पक्ष और विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर हमलावर नजर आते हैं। रविवार को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर निशाना साधा। पटना में जब पत्रकारों ने तेजस्वी यादव से पूछा कि सम्राट चौधरी का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा कार्यकताओं से मिलते हैं, लेकिन, तेजस्वी यादव और लालू यादव कभी अपने कार्यकताओं से नहीं मिलते। इस पर तेजस्वी ने कहा कि इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं है। इनकी बात का कोई मतलब नहीं है, काम के बारे में ये लोग कभी बात नहीं करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उनसे पूछिए, आज तक जनता के लिए क्या-क्या किया है। उन्हें बोलिए कि वह अपनी एक भी उपलब्धि गिनाएं। इन लोगों ने (भाजपा) सिर्फ और सिर्फ मुझे, लालू यादव और हमारी पार्टी को गाली देने का काम किया है।

## दरगाह में पुरानी रंजिश को लेकर एक-दूसरे पर तलवार से हमला



एजेंसी

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर के तारागढ़ स्थित मीरा साहब की दरगाह के खादिमों के दो गुट के आपस में भिड़ने की खबर सामने आई है। घटना शनिवार देर शाम की है, बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर तलवारों से हमला किया है। इस हमले में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दरगाह थानाधिकारी नरेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया कि तारागढ़ दरगाह में एक ही परिवार के दो गुट हैं। वर्तमान में हुए कमेटी चुनाव को लेकर दोनों पक्षों में रंजिश थी, ठेके को लेकर भी विवाद है। शनिवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए और तलवारों से हमला कर दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### दक्षिण तमिलनाडु में भारी बारिश कन्याकुमारी में बांधों की निगरानी



**चेन्नई।** दक्षिण तमिलनाडु के इलाकों में इन दिनों हो रही भारी बारिश से लोग परेशान हैं। इस बीच कन्याकुमारी जिले में बांधों पर निगरानी रखी जा रही है। अग्निशमन एवं बचाव विभाग भी किसी भी संभावित बचाव अभियान के लिए तैयार है। कन्याकुमारी जिला अग्निशमन अधिकारी सत्यकुमार ने बताया, यदि बाढ़ आती है तो विभाग किसी भी बचाव अभियान के लिए तैयार है। लोगों से जल निकायों के पास न जाने की अपील की गई है। इसके अलावा बिजली गुल होने पर भी सतर्क रहने को कहा गया है।

### सीता अम्मन मंदिर में पवित्र सरयू जल हुआ अभिषेक

**कैंडी (श्रीलंका)।** भारत, नेपाल और श्रीलंका के हजारों भक्तों ने रविवार को श्रीलंका के मध्य प्रांत के नुवारा एलिया जिले में स्थिति सीता अम्मन मंदिर के कुंभाभिषेकम अनुष्ठान समारोह में भाग लिया। इस दौरान अयोध्या से लाए पवित्र सरयू जल से मंदिर में अभिषेक किया गया। आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्री श्री रविशंकर, श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा व कई गण्यमान्य इस कार्यक्रम के गवाह बने।

### सऊदी किंग 'तेज बुखार' से है पीड़ित


**रियाद।** सऊदी अरब की अदालत ने कहा कि किंग सलमान 'तेज बुखार और जोड़ों के दर्द' से पीड़ित हैं और रविवार को उनकी चिकित्सा जांच की जाएगी। सऊदी प्रेस एजेंसी के मुताबिक, शाही अदालत ने एक बयान में कहा, ॠदो पवित्र मस्जिदों के संरक्षक को तेज बुखार और जोड़ों के दर्द के कारण आज, 19 मई को जेद्दा में अल-सलाम पैलेस के रॉयल क्लिनिक में चिकित्सा जांच से गुजरना होगा।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के इंजन में लगी आग, सुरक्षित लैंडिंग

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के एक इंजन में शनिवार रात उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उसकी आपात लैंडिंग कराई गई। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारा गया। विमान बेंगलुरु से कोच्चि जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि उड़ान भरने के तुरंत बाद चालक दल के सदस्यों ने इंजन में आग लगने के बारे में एटीसी को सूचना दी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा, बेंगलुरु-कोच्चि फ्लाइट के उड़ान भरते ही दाहिने इंजन से आग की लपटे निकलती देखी गईं।

**प्रबंधन की कड़ाई** / चारधाम मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में किसी ने रील बनाई तो खैर नहीं

# उपद्रव का होगा मुकदमा, पुलिस सिखाएगी सबक



एजेंसी

**देहरादून।** चारधाम मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी व रील बनाने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पुलिस विभाग ने मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। जिसमें साफ किया गया है कि कोई व्यक्ति मंदिर परिसर में रील बनाता यदि देखा गया तो उसके विरुद्ध उपद्रव की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया की निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। एसओपी के तहत मंदिर परिसरों में भीड़ हो जाने से श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को व्यवस्था बनाने में दिक्कत आ रही है। इसके दृष्टिगत शासन ने मंदिर परिसरों के 50 मीटर के दायरे में वीडियोग्राफी एवं रील बनाने पर प्रतिबंध लगाया है। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति निदेर्शों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उपद्रव करने वाला माना जाएगा। इसके अलावा कोई व्यक्ति जान-बूझकर व दुर्भावना के चलते एक वर्ग की धार्मिक मान्यताओं या धर्म का अपमान करने के लिए निदेर्शों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध धार्मिक विश्वासों का अपमान करने का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वीडियोग्राफी या रील की सामग्री ऐसी प्रकृति की पाई जाती है कि जिससे धर्म, जाति, भाषा, समुदाय या अन्य आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा मिलता है, तो गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। डीजीपी ने सभी जिला प्रभारियों को निर्देशित किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।

### दर्शन व्यवस्था व कार्यालय का किया निरीक्षण

**बदरीनाथ धाम ।** श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने बदरीनाथ धाम में यात्रा दर्शन व्यवस्था और मंदिर समिति कार्यालय और विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को उचित निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति सभी तीर्थयात्रियों को भगवान बदरीविशाल के सरल-सुगम दर्शन करवा रही है। मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मंदिर समिति तीर्थयात्रियों की हर संभव दर्शन सहायता कर रही है।





# पंजाब पर शानदार जीत से हैदराबाद दूसरे स्थान पर



**एजेंसी। हैदराबाद**

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 66 रन की तूफानी पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को रविवार को आईपीएल के अपने आखिरी लीग मुकाबले में चार विकेट से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने प्रभसिमरन सिंह की 71 रन की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 214 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर 14 मैचों में आठवीं जीत अपने नाम की और 17 अंकों के साथ तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। दूसरी तरफ पंजाब को 14 मैचों में नौवीं हार का सामना करना पड़ा और वह 10 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहा। पंजाब किंग्स 214 रन बनाने में कामयाब रही लेकिन बाद में हमेशा की तरह इस बार भी अभिषेक शर्मा ने धुंधाधार अर्धशतक लगाकर टीम को मैच में ला दिया और बाद में क्लासेन, नीतीश ने अहम पारियां खेली जिससे सनराइजर्स मैच जीत गई। फिलहाल सनराइजर्स तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। अभिषेक ने 28 गेंदों पर 66 रन की तूफानी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। राहुल त्रिपाठी ने 18 गेंदों में 33 रन ठोके जबकि नीतीश ने 25 गेंदों पर 37 रन में तीन छक्के और क्लासेन ने 26 गेंदों पर 42 रन में तीन चौके और दो छक्के लगाए।

हैदराबाद ने हालांकि ट्रेविस हेड को पारी की पहली गेंद पर ही गंवाया लेकिन इसके बाद के बल्लेबाजों ने चौके-छक्के लगाते हुए टीम को आखिरी ओवर की पहली गेंद पर जीत दिला दी।

पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे ने पंजाब किंग्स को 97 रनों की अहम शुरूआत दिलाई। दोनों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, अथर्व अपने अर्धशतक से चूके लेकिन प्रभसिमरन इस सीजन अपना दूसरा अर्धशतक लगाने में कामयाब हो गए। इसके बाद राइली रूसो ने भी 49 रनों की अहम पारी खेली। तायडे 27 गेंदों में 5 चौकों और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन ने मात्र 45 गेंदों में 71 रन में 7 चौके और 4 छक्के उड़ाए। राइली रुसो ने 24 गेंद में 3 चौके और 4 छक्के उड़ाते हुए 49 रन का योगदान किया। इस मैच में कप्तानी संभाल रहे जितेश शर्मा ने 15 गेंदों में नाबाद 32 रन में 2 चौके और 2 छक्के लगाए। जितेश ने पारी की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़े। हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 2024 में सात बार 200+ का स्कोर बन चुका है, जो कि आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक है।

## सात्विक-चिराग बने थाईलैंड ओपन पुरुष युगल चैंपियन

### पेरिस ओलंपिक की तैयारी हुई और पुख्ता



**एजेंसी। बैंकॉक**

भारत की स्टार जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए चीन के लियू यि और चेन बो यांग को हराकर थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन पुरूष युगल खिताब जीत लिया। पेरिस ओलंपिक की तैयारियां पुख्ता करते हुए दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 29वीं रैंकिंग वाली विरोधी टीम पर 21.15, 21.15 से जीत दर्ज की। एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी का यह सत्र का दूसरा और कैरियर का नौवां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब है। उन्होंने मार्च में फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब जीता था। दोनों मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रहे थे।

चिराग ने जीत के बाद कहा , बैंकॉक हमारे लिये खास है। हमने 2019 में यहां पहली बार सुपर सीरिज और फिर थॉमस कप जीता था। सात्विक और चिराग आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में हार गए थे। इसके बाद सात्विक की चोट के कारण एशियाई चैम्पियनशिप नहीं खेल सके। थॉमस कप में भी वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये। वे एक भी गेम गंवाये बिना थाईलैंड ओपन फाइनल में पहुंचे थे। लियू और चेन ने भी फाइनल तक के सफर में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन भारतीय जोड़ी के शानदार फॉर्म का उनके पास कोई जवाब नहीं था। सात्विक और चिराग ने जल्दी ही 5.1 की बढ़त बना ली। इसके बाद चेन और लियू ने लगातार चार अंक लेकर वापसी की। जब स्कोर 7.7 था तब चीनी जोड़ी ने 39 शॉट की रेली लगाई और 10.7 से बढ़त बना ली।

## धोनी का 110 मीटर का छक्का, कैसे बना आरसीबी के लिए वरदान?

**एजेंसी। बेंगलुरु**

आईपीएल 2024 में सीएसके का सफर खत्म हो चुका है। इस बीच एक ऐसी बात सामने आ रही है जिसने एमएस धोनी को सीएसके के प्लेऑफ की होड़ से बाहर होने का विलेन बना दिया है।

शनिवार देर रात को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अंतिम ओवर में सीएसके का छठा आईपीएल खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया।

आरसीबी की पांच बार की चैंपियन सीएसके पर 27 रनों की जीत के बाद, विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने खुलासा किया कि कैसे एमएस धोनी का छक्का ही आरसीबी के लिए जीत में मददगार साबित हुआ। फाफ डु प्लेसिस की टीम के लिए प्लेऑफ में पहुंचना किसी सपने का पूरा होने की तरह है क्योंकि सीजन में जो हाल इस टीम का था, उसे देखकर शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह टीम टॉप-4 में भी पहुंच सकती है।

आरसीबी की प्लेऑफ तक की राह काफी अलग रही। जो टीम सीजन के पहले भाग के दौरान अंक तालिका में सबसे नीचे रही उसने दूसरे भाग में बल्ले, गेंद और मैदान में जबरदस्त प्रयासों का प्रदर्शन करते हुए लगातार छह मैच जीते, जिसमें चेन्नई के खिलाफ सबसे महत्वपूर्ण और कठिन चुनौती में भी जीत शामिल है।

प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए सीएसके को आखिरी ओवर में 17 रनों की जरूरत थी और स्ट्राइक पर एमएस धोनी थे, जिनसे सभी गेंदबाज डरते थे।

आरसीबी ने यश दयाल पर भरोसा दिखाया। हालांकि, माही ने पहली ही गेंद पर 110 मीटर लंबा छक्का लगाया। यह सिर्फ बाउंड्री के बाहर ही नहीं, बल्कि सीधे छत को पार करते हुए स्टेडियम के बाहर ही पहुंच गई। यह वही क्षण था जिसने मैच का पासा पलट दिया।



कार्तिक के मुताबिक गेंद खो जाने और गेंदबाजों को नई गेंद दिए जाने से टीम को मैच जीतने में मदद मिली। मैच के बाद दिनेश कार्तिक ने कहा, सबसे अच्छी चीज आरसीबी के लिए यह हुई कि एमएस धोनी ने आखिरी ओवर में ग्राउंड के बाहर छक्का लगा दिया। इसकी वजह से हमें नई गेंद मिल गई और फिर गेंदबाजी करना आसान हो गया। गेंद बदले जाने के बाद अगली ही गेंद पर धोनी आउट हो गए। दयाल ने पैर पर धीमी गेंद फेंकी जो बल्ले का किनारा लेकर गई और कैच लपक लिया गया, जिससे मैच पूरी तरह से आरसीबी के पक्ष में आ गया।

### आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने में कोहली का योगदान महत्वपूर्ण : रायुडू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना और करो या मरो मुकाबले में सीएस को मात देना 'टेढ़ी खीर' है, जिससे फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली टीम ने पूरा किया। पूर्व भारतीय और सीएसके बल्लेबाज अंबाती रायुडू का मानना है कि आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने के पीछे विराट कोहली की अहम भूमिका है। रायुडू ने कहा कि विराट कोहली का जोश, अग्रेशन टीम में एक पॉजिटिव और लड़ने का माहौल बनाता है। कोहली के लिए आईपीएल 2024 शानदार रहा है। रन बनाने के मामले में 2016 आईपीएल के बाद यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ सीजन है। अब तक बनाए गए 708 रनों के साथ, कोहली का स्ट्राइक रेट भी 155.0 है, जो लीग में उनके 17 साल के कार्यकाल में सबसे अधिक है।

रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, यह विराट की ऊर्जा है, उनका इरादा है, जीतने और सफल होने की उनकी भूख है। हमने उन्हें मैच से पहले, मुकाबले के दौरान यहां तक कि टाइमआउट में भी सक्रिय रूप से हर किसी से बात करते देखा है।

यह सिर्फ भावनात्मक है, और मैं विराट के लिए बहुत खुश हूं। आरसीबी ने इस सीजन में जिस तरह से खेला है, उससे मैं बहुत खुश हूं। और मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे। उन्हें इस बार आईपीएल ट्रॉफी जीतनी चाहिए क्योंकि वह इसके हकदार है। सीएसके के साथ तीन बार के आईपीएल विजेता ने कहा, मुझे लगता है कि, कुल मिलाकर, आरसीबी ने बेहतर क्रिकेट खेला। उन्होंने बेहतर बल्लेबाजी की, उन्होंने बेहतर गेंदबाजी की और उनके पास बेहतर रणनीतियां थी। लेकिन मुझे लगता है कि सीएसके को 201 के स्कोर को पार करना चाहिए था। यह काफी निराशाजनक है।





### भारत में अगले पांच से दस साल में दोगुना हो जाएगी जस्ते की मांग



**नई दिल्ली।** इस्पात सहित बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारी निवेश से अगले पांच से 10 साल में देश में जस्ता की मांग दोगुना हो जाने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ ने रविवार को यह बात कही। भारत में जस्ता की मांग काफी हद तक इस्पात बाजार की वृद्धि पर निर्भर करती है, क्योंकि इसका उपयोग मुख्य रूप से इस्पात को जंग से बचाने के लिए किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय जस्ता संघ के वैश्विक निदेशक मार्टिन वान लियूवेन ने कहा, मुझे अगले पांच से 10 साल में जस्ता के लिए मांग दोगुनी होने की उम्मीद है।

## गूगल एक्सेसबिलिटी फीचर से इन यूजर्स को होगी आसानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एंड्रॉयड यूजर्स को बेहतर सुविधा देने के लिए गूगल अक्सर नए-नए अपडेट लाता रहता है। ऐसे में गूगल का नया अपडेट बेहद ही काम का है। गूगल ने एकसाथ लुकआउट, मैप्स और एंड्रॉयड के कई फीचर्स जारी किए हैं। गूगल के नए एक्सेसबिलिटी फीचर से कमजोर विजन वाले और सुनने में कमजोर लोगों को काफी फायदा होगा।



### लुकआउट एप में नया फीचर

गूगल लुकआउट एप में एक नया वर्जन लेकर आया है। इस नए फीचर की मदद से कमजोर नजर वाले लोग आसपास की चीजों की आसानी से पहचान कर पाएंगे। यूजर्स को इसमें किसी खास चीज को खोजने का विकल्प मिलेगा। उदाहरण के लिए ये फीचर कमजोर विजन वाले यूजर्स को बाथरुम का रास्ता बताएगा। साथ ही दूरी की भी जानकारी देगा। लुक टू स्पीक एप में टेक्स्ट मोड के बिना पहले से लिखे हुए कस्टमाइज्ड टूल यूजर्स की मदद करेंगे।

### अब यूजर्स को मिलेगा फायदा

गूगल प्रोजेक्ट गेमफेस एक ओपन सोर्स प्रोजेक्ट है, जोकि विकलांग लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इस फीचर की मदद से यूजर्स अपने चेहरे के जरिए माउस कर्सर को कंट्रोल कर सकते हैं। गूगल ने कई मापदंडों को कस्टमाइज्ड किया है। इसमें जेस्चर साइज, कर्सर स्पीड और चेहरे के हावभाव शामिल है।

### गूगल मैप्स में आया अपडेट

गूगल ने अपने मशहूर नेविगेशन एप गूगल मैप्स में भी एक्सेसबिलिटी का फीचर दिया है। नए अपडेट में कमजोर विजन वाले या फिर विकलांग लोगों को चलने के दिशा-निर्देश और स्क्रीन रीडर की बेहतर क्षमता मिलेगी। इसके साथ ही लेंस फीचर की ऐसी क्षमता है कि यूजर्स को आसपास के जगहों के नाम बता सकता है।

### एंड्रॉयड यूजर्स में खास फीचर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गूगल ने एंड्रॉयड यूजर्स के लिए साउंड नोटिफिकेशन फीचर को अपडेट किया है। इस नए फीचर की मदद से जिन लोगों को देखने में और सुनन में दिक्कत हैं, उनके लिए ये आग और स्मोक अलार्म की तरह काम करेगा।



### इंडोनेशिया पहुंचे मस्क स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस करेंगे लॉन्च

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क रविवार को स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस लॉन्च करने इंडोनेशिया पहुंचे। मस्क पहली बार इंडोनेशिया गए हैं। वे इंडोनिशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ स्टारलिंक की इंटरनेट सर्विस लॉन्च करेंगे। समुद्री मामलों और निवेश के समन्वय मंत्री लुहुत पंडजैतन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, रविवार की सुबह उन्हें मस्क को एयरपोर्ट से पिकअप करने का मौका मिला। वह कई महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने आए हैं, जिसमें से एक स्टारलिंक इंटरनेट सर्विस का लॉन्च भी है। इससे इंटरनेट को पूरे इंडोनेशिया में पहुंचाया जा सकेगा।

## सावधान : ऑनलाइन स्कैम से बचना है तो अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुपरफास्ट इंटरनेट के इस दौर में साइबर स्कैम से बचना बहुत ही मुश्किल है लेकिन नामुमकिन नहीं। कुछ सावधानी बरतकर आप इस तरह के स्कैम से बच सकते हैं। लोगों को इस तरह के स्कैम से बचाने के लिए डिजिटल इंडिया, सरकारी साइबर सिक्योरिटी एजेंसी साइबर दोस्त और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंक लोगों को समय-समय पर टिप्स देते रहते हैं। हाल ही में आरबीआई और डिजिटल इंडिया ने ऑनलाइन साइबर स्कैम से बचने के कुछ टिप्स दिए हैं जिन्हें जानना आपके लिए बहुत ही जरूरी है।




डिजिटल इंडिया के एक्स के हैंडल से आरबीआई के हवाले से कुछ दिन पहले एक वीडियो शेयर किया गया है जिसमें ऑनलाइन हो रहे स्कैम और उससे बचने के बारे में बताया गया है। वीडियो के मुताबिक किसी भी अनजान लिंक पर आपको क्लिक नहीं करना चाहिए। आरबीआई की ओर से कहा गया है कि जानकार बनिए, सतर्क रहिए।

आरबीआई के मुताबिक साइबर ठग किसी भी तरीके से आपको फंसाने का प्रयास कर सकते हैं। वे आपको लुभावने मैसेज कर सकते हैं, पार्ट टाइम जॉब ऑफर दे सकते हैं, इसके अलावा कम समय में अधिक पैसे कमाने का झांसा भी दे सकते हैं।

कई बार ये ठग आपको ओटीपी के नाम पर तो कई बार केवाईसी और कई बार कस्टमर केयर के नाम पर ठग सकते हैं। ये ठग आपको कस्टम अधिकारी या पुलिस वाले के नाम पर भी फोन करके पैसे मांग सकते हैं। यदि आपको ऐसा कुछ लगता है तो तुरंत इसकी शिकायत करें।

## मेटा ला रहा है अनोखा ईयरबड्स, खत्म हो जाएगी मोबाइल कैमरे की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग समय-समय पर अनोखे प्रोडक्ट पेश करके दुनिया को हैरान करते हैं, हालांकि यह बात अलग है कि कई बार उनके प्रोडक्ट मार्केट को पसंद नहीं आते हैं। मेटा अब एक ऐसे ईयरबड्स पर काम कर रहा है जिसमें इन-बिल्ट कैमरा होगा। जी हां, सुनने में थोड़ा अजीब है लेकिन यही सच है कि उस ईयरबड्स में भी कैमरा होगा जिसमें आप आमतौर पर गाने सुनते हैं। मेटा के इस ईयरबड्स का नाम कैमराबड्स बताया जा रहा है।

### कैसा होगा मेटा का कैमराबड्स?

रिपोर्ट के मुताबिक कैमराबड्स के दोनों बड्स में कैमरा इंस्टॉल होंगे। ये कैमरे आपके आसपास की चीजों को रिकॉर्ड करेंगे और आपके सवालों के जवाब देंगे। कहा जा रहा है कि मेटा का यह प्रोजेक्ट फिलहाल शुरूआती चरण में है। इसके अलावा कंपनी ने अभी तक इसकी डिजाइन को लेकर भी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया है। कैमराबड्स में एआई का भी सपोर्ट होगा जो कि अनुवाद भी करेगा। दोनों बड्स में बाहर की ओर कैमरे लगे होंगे।

## जीडीपी वृद्धि दर 6.7 %, 2023-24 में 7 %रहने का अनुमान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है। सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरूआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।




सिन्हा ने एक साक्षात्कार में बताया, हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर लगभग 6.9-7 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर ह्यआश्चर्यजनकह्ण थी। उन्होंने आगे कहा कि जब हम आंकड़ा का विश्लेषण करते हैं, तो पता चलता है कि जीवीए और जीडीपी के बीच अंतर है। तीसरी तिमाही में जीडीपी को एक बड़ा प्रोत्साहन उच्च कर संग्रह से मिला है, लेकिन चौथी तिमाही में ऐसा होने की संभावना नहीं है।




# लूटे गए पैसे वापस कराने के लिए सरकार कानूनी रास्ते तलाश रही



## 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

प्रधनमंत्री मोदी ने रविवार को घाटशिला में विशाल रैली में कहा कि झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकार पर राज्य को लूटने में व्यस्त हैं। इनके नेताओं और अफसरों के यहां से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। मोदी इनके ठिकानों से लूट के पैसे निकलवा रहा है। ये गरीबों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और आपके बच्चों के हक का पैसा है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि जिन लोगों से ये पैसे लूटे गए हैं, उन्हें वापस कराएंगे। इसके लिए सरकार कानूनी रास्ते तलाश रही है। उन्होंने कहा कि मैं गरीबों का दर्द जानता हूं और उनके लिए 10 साल से निरंतर लगा हूं। हमने 52 करोड़ लोगों के जन-धन खाते खुलवाए, चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया है। हर घर तक नल से जल पहुंचाया है। पीएम मोदी ने कहा, संविधान को खतरा इंडी गठबंधन से है। बाबा साहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन ये लोग दलित, आदिवासियों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देने की बात करते हैं। कुछ राज्यों मे इसकी शुरूआत भी हो गई है। हमने कांग्रेस से लिखित तौर पर यह गारंटी देने को कहा था कि वे धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे, लेकिन वे अब तक इस पर चुप हैं।

मोदी ने कहा कि 60 सालों तक कांग्रेस देश से गरीबी हटाओ की बात करती रही। उन्होंने (मोदी) गरीबी देखी है, इसका दर्द भोगा है। इसलिए इसके निदान के लिए योजनाएं बनायीं। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। लोगों को बैंक की चौखट तक पहले नहीं जाने दिया गया। प्रधानमंत्री ने जमशेदपुर से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि आपका एक-एक वोट मोदी को जाएगा। जनसभा को झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी भी मौजूद रहे।

# राज्य के तीनों सीटों पर सुविधाजनक मतदान के लिए सभी तैयारियां हुई पूरी : रवि कुमार

54 प्रत्याशी मैदान में,58,34,618 मतदाता करेंगे मतदान



अभी तक 121 करोड़ 91 लाख की हो चुकी है अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सभी बूथ व्यवस्थित किये जा चुके हैं। मतदानकर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को सुविधाजनक ढंग से मतदान केंद्र जाकर मतदान कराने के लिए तमाम उपाय किये गए हैं। इस फेज में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े सात जिले समाहित हैं। यहां कुल 58,34,618 मतदाता हैं। इनमें 29,99,233 पुरुष और 28,35,329 महिला मतदाता हैं। कुल बूथों की संख्या 6705 है। इनमें से 575 बूथ शहरी क्षेत्र में और 6130 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 73 बूथ महिलाओं, 13 बूथ दिव्यांगों और 13 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं 36 यूनिक बूथ हैं, जो उस क्षेत्र की पहचान से जुड़े होंगे। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोमवार को मतदान होना है। मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जिस बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदाता कतार में होंगे, उनके मतदान तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 16,89,926 मतदाता हैं। जिनमें 8,61,959 पुरुष और 8,27,965 महिला मतदाता हैं। चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1899 बूथ हैं। उनमें 112 शहरी क्षेत्र में और 1787 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 16 बूथ महिलाओं, 4 बूथ दिव्यांगों और 3 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 5 यूनिक बूथ हैं। उन्होंने बताया कि कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 22,05,318 मतदाता हैं। जिनमें 11,40,049 पुरुष और 10,65,246 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2552 बूथ हैं। उनमें 136 शहरी क्षेत्र में और 2416 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 23 बूथ महिलाओं, 1 बूथ दिव्यांगों और 4 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 यूनिक बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 19,39,374 मतदाता हैं। जिनमें 9,97,225 पुरुष और 9,42,118 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2254 बूथ हैं। उनमें 327 शहरी क्षेत्र में और 1927 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 34 बूथ महिलाओं, 8 बूथ दिव्यांगों और 6 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 11 यूनिक बूथ हैं।

# झामुमो-कांग्रेस का चरित्र एक समान : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड में एनडीए गठबंधन प्रचंड विजय की ओर बढ रहा है। परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करने इंडी एलायंस को हर तरफ जनता नकार रही है। झारखंड में भी इनका सूपड़ा साफ होना तय है। जेएमएम और कांग्रेस का चरित्र एक समान है। रविवार को आजसू नेता सुदेश महतो बाघमारा में पानी टंकी मैदान पत्थलगडिया में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान माले नेता अमरदीप महतो और समाजसेवी अरुण महतो के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं और समाजसेवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस परिवारवाद का गठबंधन है। इनकी प्राथमिकता राज्य और राष्ट्र का विकास नहीं बल्कि अपने परिवार के सदस्यों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाने की है। यह लोग परिवार की परिपाटी को आबाद कर रहे हैं। विकास नहीं तुष्टिकरण ही इनकी राजनीति का आधार है। ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियां जब अपना काम कर के इनके भ्रष्टाचार को जनता के सामने लगातार उजागर कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान की दुहाई देकर और अपने मेनिफेस्टो में कभी न पूरा हो पाने वाले वादों से यह लोग जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### आजसू, बीजेपी, जेएमएम के 200 महिला कार्यकर्ता राजद में हुए शामिल



**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में राजद चुनाव अभियान समिति रांची लोकसभा क्षेत्र के मनोनीत सदस्यों की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई । अध्यक्षता रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति के संयोजक राजेश यादव ने किया । इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव के नेतृत्व में बीजेपी,आजसू,जेएमएम के 200 मुस्लिम महिला कार्यकर्ता एवं समाजसेवी को माला पहनाकर राजद में शामिल कराया और स्वागत किया। यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के झारखंड दौरे से राजद के कार्यकताओं में काफी उत्साह बढ़ा है। राजद में शामिल हुए सहजादी खातून, मुमताज खानम, अनामिका शर्मा, बबली विनीता सिंह, अफरोज रहमान, फिरोज खान, रत्नेश कुमार, तरन्नुम परवीन, सोनी खातून, पुष्प शर्मा, हर्ष कुमार, कमला देवी, नीखत परवीन, नूरजहां बेगम, अप्सरा परवीन सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव अभियान समिति के राजेश यादव, महासचिव कैलाश यादव,रंजन यादव, अर्जुन यादव, सुधीर गोप, सौकत अंसारी, रामकुमार यादव, संजय टाइगर, इरफान, कमलेश यादव आदि मौजूद थे।

### डोरंडा में भाजपा का खुला कार्यालय

**रांची।** भाजपा डोरंडा मंडल का एक सहयोगी कार्यालय साउथ ऑफिस पाड़ा डोरंडा में खोला गया। मौके पर हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची लोस के सहसंयोजक रमाकांत महतो, हटिया विधानसभा प्रभारी प्रदीप सिन्हा, सीमा शर्मा, रोहित शारदा विशेष रूप से उपस्थित थे। हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हर घर से प्रत्येक मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचे उसकी चिंता कार्यकर्ता करें। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि कार्यालय से अपने समर्थकों तक झंडा बैनर पोस्टर पहुंचने में अपना योगदान दें। सीमा शर्मा ने कहा कि महिलाओं का विशेष योगदान चुनाव में होता है वह घर-घर से महिलाओं को मतदान के लिए निकालने में अपना योगदान दें।

### झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा पर बरसीं वृंदा करात

**गोड्डा।** संथाल परगना के राजमहल सीट पर चुनावी सभा को संबोधित करने वृंदा करात बोआरीजोर प्रखंड के सुदूर ग्रामीण आदिवासी बहुल गांव पहाड़पुर पहुंची। उन्होंने राजमहल के सांसद विजय हांसदा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यहां के आदिवासियों के बीच फूट डालकर उनकी आर्थिक कमजोरी का लाभ उठाया जा रहा है तथा उनके जमीन से उन्हें महरूम किया जा रहा है, जिसे यहां के झामुमो एमपी संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमहल के सांसद लोगों के सांसद नहीं है अपितु वे कंपनी के सांसद हैं। उन्होंने लोगों से ऐसे एमपी को उखाड़ फेंकें और अपने अधिकार के लिए आप गोपीन सोरेन को यहां से अपना सांसद बनाकर भेजें।

### कांग्रेस मुख्यालय में रांची लोकसभा के कार्यकताओं की बैठक

**रांची।** रांची लोकसभा के कार्यकताओं की चुनावी समीक्षा बैठक कांग्रेस मुख्यालयों में हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की जलेश्वर महतो सुबोध कांत सहाय अनादि बार्मो ,राकेश सिन्हा सतीश पौल मुंजनी, अमूल नीरज खलखो, गजेन्द्र सिंह, और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आप सभी पूरे वर्ष संगठन में काम करते हैं और पिछले 5 वर्षों से केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यों से त्रस्त जनता के बीच रहकर संघर्ष कर रहे हैं, अब समय है कि उन संघर्षों का परिणाम बूथ से जीत के रूप में निकले। 5 वर्षों तक संगठन का निर्माण प्रखंड और बूथ स्तर पर किया गया है और आज जरूरत है कि संगठन द्वारा बूथ स्तर कार्यकताओं के बीच आपसी समन्वय को बेहतर तरीके से बनाया जाए, ताकि चुनाव के दौरान प्रत्याशी एवं बूथ एजेंट के बीच सीधा संवाद अभी से लेकर मतदान के दिन तक लगातार होता रहे। मतदान के दिन तक जरूरी है कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता अपने बूथ के मतदाताओं से निरंतर संपर्क करते रहें ताकि भाजपा द्वारा चुनाव की धारा को मोड़ने का यदि कोई भी गैरवैधानिक कार्य किया जाए या अफवाह फैलाया जाता है तो उससे आम लोगों को सावधान किया जा सके और उनकी सच्चाई बताई जा सके।

# भाजपा को 370 से अधिक सीट और एनडीए 400 पार होगा : गौरव भाटिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने रविवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में संवाददाताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और झारखंड की जनता को हमेशा दिल में रखा। भगवान बिरसा मुंडा को आदर्श माना। जनजातीय समाज के लिए चिंतित रहें। उसे सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए। जनता ने मन बना लिया है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे और वह जनता की सेवा के अपने कार्य को आगे बढ़ाएंगे। भाटिया ने कहा कि चार चरण के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। इस चुनाव में एनडीए और भाजपा पिछले 10 वर्ष के विकास कार्य की रिपोर्ट कार्ड के आधार पर जनता से पुनः आशीर्वाद मांग रहे हैं। जनता ने मन बना लिया है कि इस चुनाव में भाजपा 370 से अधिक सीट जीतेगी। एनडीए 400 पार होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। घुसपैठियों पर लगाम नहीं है। विधि व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। राज्य सरकार ने जनजातीय समाज के लोगों की जमीन ली। इसका आवंटन जनजातीय युवाओं को करना चाहिए, ताकि वे उद्योग लगाए और आगे बढ़े। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनजातीय समाज का हक छीनकर वह जमीन परिवार के सदस्य को आवंटित कर दिया।



### कांग्रेस, झामुमो,राजद भ्रष्टाचार की क्राइम मास्टर गोगो

गौरव भाटिया ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी है। कांग्रेस, झामुमो और राजद एक साथ हैं। भ्रष्टाचारियों की तिकड़ी क्राइम मास्टर गोगो है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि घमंडियां गठबंधन में भ्रष्टाचारियों की फौज है। वे एनडीए-बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने का कुंठित प्रयास कर रहे हैं। भ्रष्टाचारियों पर प्रधानमंत्री मोदी की ईमानदारी भारी पड़ रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस से सबक लिया। यही कारण है कि 10 समन देने के बाद भी ईडी के पास नहीं गए। अगर हुए भ्रष्टाचार नहीं किए हैं, तो जाकर जवाब देना चाहिए। यह जनता की कमाई है। उसे लूट कर परिवार को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इनकी नीतियां झारखंड की जनता की विरोधी है।

# चार जून के बाद देश में नहीं होगी मोदी की तानाशाह सरकार : सुप्रिया श्रीनेत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पीएम नरेंद्र मोदी बड़ा हमला करते हे कहा कि चार चरण के मतदान के बाद साफ हो गया है कि 4 जून के बाद इस देश में भाजपा और मोदी की सरकार नहीं रहेगी। कांग्रेस प्रवक्ता रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2024 का चुनाव, आम चुनाव नहीं है। बल्कि ये चुनाव यह तय करेगा कि आगे ऐसे ही चुनाव होगा या नहीं। यह चुनाव संविधान को बचाने का है। चुनाव में भाजपा बनाम कांग्रेस नहीं है। इस चुनाव में यह तय होगा कि आगे क्या होगा। देश में चार चरण में वोटिंग हो गई। इस से साफ हुआ कि देश में बदलाव का माहौल बन गया। अब देश में ये लोग नहीं आने वाले है।चार चरण में निर्णायक हुआ कि बाकी चरण में भी जनता मूड बना कर वोट करने वाली है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने कभी मुद्दों की बात नहीं करते हैं। आज मुद्दा बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा, अमीर गरीब के बीच बढ़ती खाई है तो पीएम मोदी बात मछली, मंगलसूत्र पर करते हैं। कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि मतदान का चौथा चरण समाप्त होते होते पीएम मोदी गजनी जैसे हो गए हैं। जिसना वजूद ही हिंदू मुस्लिम, राजनीति और नफरत है । कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा मुद्दों से भटकाती है और हम मोदी सरकार में पैदा की गई समस्याओं के समाधान की बात करते हैं। हम अपने पांच न्याय और 25 गारंटी में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की बात करते हैं।




### भाजपा ने दो मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा

उन्होंने कहा कि देश में चुनाव से पहले दो-दो मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया गया। इस तरह से तानाशाही की जा रही है। देश में मुख्य विपक्षी पार्टी का एकाउंट सीजकर दिया गया। देश में ये लोग एक पार्टी का राज चलाने की कोशिश कर रहे हैं। यूपी में हाल में एक दलित को पीटने का वीडियो वायरल हुआ,जिसमें तहसीलदार के सुरक्षा कर्मी उसे पिट रहे थे। बोल रहे थे कि खाओगे मोदी का, और वोट किसी और को दोगी। आखिर उनसे पूछना चाहूंगी कि क्या अनाज भाजपा के कार्यालय में उगाया जा रहा है। अनाज देश के अन्नदाता का है, इसपर सभी का हक है।

### इरफान अंसारी को भानु प्रताप ने दी चुनौती

**रांची।** कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी और भाजपा विधायक भानू प्रताप शाही ने रविवार को सोशल मीडिया में एक-दूसरे पर जमकर कटाक्ष किया। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने हेमंत सोरेन की तुलना श्रीराम से करने पर फिर नाराजगी जताई और लिखा कि मियां यदि हिम्मत हो तो अपने डायनेमिक नेता की तुलना अल्लाह से कर के देखो, फिर आपका ही समुदाय क्या हालत करता है आपका? इसके बाद भानु ने लिखा कि इरफान मियां, आप से 1000 साल पुराना झारखंड का वासी हूं। पहली बात नवादा वासी सुन लो। दूसरा, सब्र हमलोग कर रहे हैं कि भगवान की तुलना डकैत से कर रहे हो। सुधर जाओ आप। तीसरा, पैसे के साथ कोलकाता में आप पकड़े गये हो। आपके मंत्री आलमगीर पकड़े गये, हम नहीं। इस पर कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने भानु प्रताप शाही को टैग करते हुए कहा कि सब्र की जुबान इतनी ताकतवर होती है कि सताने वाले की नस्लें बर्बाद कर देती है।

## पृष्ठ एक के शेष

**उद्योगपतियों के खिलाफ नक्सलियों की...**

को और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए भविष्य को चुनता है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर बात होनी चाहिए, विकास की बात होनी चाहिए लेकिन कांग्रेस-झामुमो को देश के विकास से मतलब नहीं। युवाओं के सपनों से मतलब नहीं। ये सबकी संपत्ति का एक्स-रे कराने, एससी-एसटी का आरक्षण छीनने और रोज मोदी को गाली देने का ही काम करते हैं। इससे आगे वे सोच नहीं सकते।

**कोडरमा, हजारीबाग व चतरा...**

राज्यों में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 49 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 8.95 करोड़ मतदाताओं के लिए 94 हजार से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की 05, झारखंड की 03, महाराष्ट्र की 13, ओडिशा की 05, पश्चिम बंगाल की 07, जम्मू-कश्मीर की 01 और लद्दाख की 01 सीट पर मतदान होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों पर भी मतदान होगा। इस चरण के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम को समाप्त हो गया था। इस चरण में 49 सीटों पर कुल 695 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल सात चरणों में घोषित लोकसभा चुनाव में सोमवार को मतदान के बाद दो चरणों (25 मई और 01 जून) में मतदान बाकी रह जाएगा। चार जून को सभी चरणों के लिए मतगणना होगी। आम चुनाव के पहले चार चरणों में 23 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों की 379 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है। संबंधित सीईओ/डीईओ और राज्य मशीनरी को उन क्षेत्रों में गर्म मौसम की स्थिति का प्रबंधन करने के लिए पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गई है, जहां इसका पूर्वानुमान है। मतदान दलों को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है।

**सुचारू मतदान के लिए विशेष व्यवस्था :** मतदान व्यवस्था के लिए 17 विशेष रेलगाड़ियां और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें मतदान और सुरक्षाकर्मियों को ले जाने के लिए लगाई गईं। 153 पर्यवेक्षक (55 सामान्य पर्यवेक्षक, 30 पुलिस पर्यवेक्षक, 68 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे अत्यधिक सतर्कता बरतने के लिए आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 2000 फ्लाइंग स्क्वॉड, 2105 स्टेटिक निगरानी टीमें, 881 वीडियो निगरानी टीमें और 502 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। कुल 216 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां और 565 अंतरराज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकदी और मुफ्त वस्तुओं के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

**लखनऊ, रायबरेली और अमेठी पर सबकी नजर :** गांधी परिवार का गढ़ माने जाने वाली रायबरेली और अमेठी सीटों पर कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के तहत अपने प्रत्याशी उतारे हैं। रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अमेठी से भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी चुनाव मैदान में हैं। लखनऊ सीट से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उम्मीदवार हैं। कैसरगंज से भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण उम्मीदवार हैं।

**भाजपा झारखंड को 20 वर्षों तक...**

इतनी चिढ़ है कि वह राज्य के आवास योजना का पैसा भाजपा शासित राज्यों को दे देती है। हेमन्त ने राज्य के 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य शुरू किया। पूर्व की डबल इंजन भाजपा सरकार ने राज्य में 11 लाख राशन कार्ड निरस्त किये, जबकि हेमन्त जी ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से जोड़ा।

**हेमंत ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोला :** कल्पना ने कहा कि हेमन्त सोरेन राज्य के गरीब-गुरुबा के बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोला। स्व. बिनोद बिहारी महतो कहते थे कि लड़ना है तो पढ़ना सीखो, लेकिन भाजपा की पूर्व सरकार ने राज्य के हजारों स्कूलों में ताला लगाने का काम किया। मगर इन्हें यह नहीं पता कि यह एक क्रांतिकारी भूमि है, यहां के लोग सिर झुकाना नहीं, लड़ना पसंद करते हैं। कल्पना ने कहा कि इस बार का चुनाव तानाशाही ताकतों के खिलाफ जनता लड़ रही है। यह जनता-जनार्दन वक्त आने पर तानाशाही ताकतों का तख्ता भी पलट देती है।

**स्वाति मालीवाल मामला : पुलिस ने...**

354बी (महिला का चीरहरण करने के उद्देश्य से बलप्रयोग), 506 (आपराधिक धमकी) और 509 (महिला का शीलभंग करने वाले शब्द, भंगिमा या कार्य) के तहत आरोप लगाये गये हैं।




# चुनावी रण में रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम, इस्कॉन को घसीटा

## वोट बैंक को खुश करने अब महान संस्थाओं के संन्यासियों को चेतावनी दे रहीं दीदी : पीएम

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर राजनीतिक तुष्टीकरण के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम संघ और इस्कॉन जैसे संस्थानों का अपमान करने का आरोप लगाया। पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ज्योतिर्मय सिंह महतो के समर्थन में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा, विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन के साथ भारत सेवाश्रम संघ और इस्कॉन जैसे संस्थानों की उनके सामाजिक कार्यों तथा मानवीय विकास कार्यों की वजह से दुनिया भर में तारीफ होती है।

उनका एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र की सेवा है। लेकिन अब मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से इन महान संस्थानों के संन्यासियों को चेतावनी दे रही हैं। वह अपने समर्पित वोट बैंक को खुश करने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए ऐसा कर रही हैं। ऐसे महान संस्थानों का अपमान करने वाली पार्टी पश्चिम बंगाल में एक भी वोट पाने की हकदार नहीं है।



### टीएमसी-कांग्रेस की सोच नकारात्मक

वहीं बांकुड़ा जिले के विष्णुपुर में प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में लोग रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। यह स्थिति बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तृणमूल और कांग्रेस की सोच विकास या रोजगार की नहीं है। ये पार्टियां परिवारवाद, भ्रष्टाचार फैलाना ही जानती हैं। मोदी ने कहा कि तृणमूल ने पैसे कमाने की भूख में आपके बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। यहां शिक्षक भर्ती घोटाले ने युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। गरीब मां-बाप ने घर-जमीन बेचकर, कर्ज लेकर इनके मंत्रियों को घूस दी। आज वे सारे नौजवान सड़कों पर हैं। आखिर इनका क्या कसूर था? मैं आप सबको गारंटी देता हूं, इन्होंने आपके घर बिकवाए हैं, मोदी तृणमूल के भ्रष्टाचारियों के बंगले, उनकी गाड़ियां, ये सब कुछ बिकवाकर चैन लेने वाला है।

## भारत सेवाश्रम के संत पर ममता के गंभीर आरोप संन्यासी ने कहा- विनाश काले विपरीत बुद्धि

एजेंसी

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हुगली की रैली में भारत सेवाश्रम संघ, राम कृष्ण मिशन और इस्कॉन जैसे प्रतिष्ठित धार्मिक संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि इन संगठनों के कुछ साधु चुनाव में भाजपा की मदद कर रहे हैं। भारत सेवाश्रम के चर्चित संन्यासी प्रदीप्तानंद महाराज उर्फ कार्तिक महाराज का नाम लेकर ममता ने कहा कि वह टीएमसी को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा- विनाश काले, विपरीत बुद्धि हो जाती है। अब ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के विनाश का समय आ गया है, इसलिए साधु-संन्यासियों को निशाना बना रही हैं। कार्तिक महाराज ने कहा कि पिछले साल गंगासागर में देशभर से आए साधु-संन्यासियों को जिस बर्बर तरीके से पीटा गया था, उसे पूरे देश ने देखा था। अब यहां भागवत कार्य में लगे संन्यासियों को सीधे तौर पर सूबे की मुख्यमंत्री की ओर से बिना किसी आधार के इस तरह से निशाना बनाया जाना बताता है कि विनाश का समय आ गया है।



### कार्तिक महाराज को संत नहीं मानती

ममता बनर्जी ने अपने बयान में आरोप लगाया था कि कुछ भिक्षु व मिशन से जुड़े लोग बीजेपी की मदद करने में लगे हुए हैं और उन्हें दिल्ली से ऑर्डर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ और रामकृष्ण मिशन के लोग सीधे तौर पर टीएमसी के खिलाफ काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि वह कार्तिक महाराज को संत नहीं मानती हैं क्योंकि वह सीधे तौर पर राजनीति में शामिल हो गए हैं। मैं भारत सेवाश्रम संघ का बहुत सम्मान करती थी। मैंने रामकृष्ण मिशन की उस समय मदद की जब सीपीएम ने फूड सप्लाई रोक दी थी। मैंने 700 एकड़ की जमीन इस्कॉन को दी। ममता ने कहा, अगर मैं ना होती तो आज स्वामी विवेकानंद का घर ना बचा होता। ममता बनर्जी के इस बयान पर रामकृष्ण मिशन के अधिकारियों ने टिप्पणी से इनकार कर दिया। इस्कॉन के प्रतिनिधि ने भी इस पर प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया, कहा हम राजनीति नहीं करते।

## मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित व सशक्त राष्ट्र बनेगा : अमित शाह

देश की जनता मोदी को **तीसरी बार** सशक्त पीएम के रूप में देखना चाहती है

एजेंसी

**प्रयागराज ।** मेजा के सोरांव पाती गांव के हेलीपैड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हेलीकॉप्टर दोपहर 12:35 बजे उतरा। मंच पर चढ़ते ही अमित शाह ने सीधे माइक संभाल लिया। उन्होंने चुनावी जनसभा में गठबंधन पर तीखा हमला किया। कहा कि यह चुनाव एक महान भारत की रचना का है। सुरक्षित और सशक्त भारत बनाने का संकल्प लेने का है। देश की जनता पीएम मोदी को तीसरी बार भारत के सशक्त प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में विकसित और सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा। अमित शाह ने रविवार को मेजा के सोरांव में भीड़ को सम्बोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर धारा 370 की वापसी की मंशा रखने, पाकिस्तान को सम्मान देने और न्यूक्लियर हथियारों को नष्ट करने का एजेंडा बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनता नेतृत्व विहीन गठबंधन की राजनीति को समझ चुकी है। इस बार के चुनाव में जनता 400 पार से भी अधिक सीटें जीत कर पीएम मोदी को पुनः प्रधानमंत्री देखना चाहती है। उन्होंने प्रयागराज की पावन धरा को नमन करने के साथ ही अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, लाल पद्मधर और राष्ट्र निमार्ता महामना पंडित मदन मोहन मालवीय सहित अमर साहित्यकारों को भी याद किया।



*मोदी ने भारत के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक गौरव को विश्व में स्थापित किया, वहीं इंडी गठबंधन 370 की वापसी और न्यूक्लियर हथियारों को नष्ट करने की मंशा रखती है।*

अमित शाह ने कहा कि यह पावन भूमि हमेशा से समरसता और प्रेम को समर्पित रही है। गृह मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता ने हमेशा सोच समझकर सटीक और मजबूत निर्णय लिया है। उन्होंने जनता से पूछा-क्या आप देश में मजबूत प्रधानमंत्री चाहते हैं या हर साल बदलने वाला पांच बार में पांच प्रधानमंत्री। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले इंडी गठबंधन के नेताओं में अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता दीदी, खड़गे और राहुल बाबा क्या कभी प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

## सरकार बनी तो स्वतंत्र होगी जांच एजेंसियां : राशिद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने आईएएनएस से खास बातचीत में मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो ईडी और सीबीआई स्वतंत्र रूप से काम करेगी। वो किसी पार्टी नेता, सरकार या व्यक्ति के दबाव में काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में बीजेपी की सरकार के दौरान ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग हो रहा है और विपक्ष के नेताओं के खिलाफ कारवाई हो रही है, हमारी सरकार बनने के बाद देश की सभी सर्वोच्च जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर सकेंगी। स्वाति मालीवाल मामले में राशिद अल्वी ने कहा कि यह मामला कोर्ट के अंदर है। दोनों पक्षों ने एफआईआर दर्ज करा दी है। सीसीटीवी और वीडियो पब्लिक हो गई है। लोग देख रहे हैं। ऐसे में इन सबके मद्देनजर अदालत क्या फैसला करती है, इसका इंतजार करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी का मुद्दा समाज में नफरत फैलाने का है।

## पुंछ में एनसी की रैली में चाकू से हमला, 3 घायल



एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की एक जनसभा में हुई चाकूबाजी में तीन युवक घायल हो गए। रविवार को पुंछ जिले के मेंढर में नेशनल कॉन्फ्रेंस की ओर से एक जनसभा का आयोजन किया गया था। इसमें पार्टी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला व अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार मियां अल्ताफ अहमद व अन्य नेता मौजूद थे। पुलिस ने बताया कि हमले मे घायल युवकों को राजौरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया गया है। डॉक्टरों ने इनमें से एक की हालत गंभीर बताई है। उसकी पहचान मेंढर निवासी सुहैल अहमद के रूप में हुई। दो अन्य घायलों की पहचान यासिर अहमद और इमरान अहमद के रूप में की गई। ये अस्पताल से भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा, इस घटना में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बीच, लोगों ने घटना के खिलाफ मेंढर चौक पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा था।

## अखिलेश-राहुल की संयुक्त रैली में हंगामा, भाषण दिए बिना लौटे

*बैरिकेड़िग फांदकर स्टेज के करीब पहुंच गए रैली में आए कार्यकर्ता*



एजेंसी

**फूलपुर।** लोकसभा चुनाव के 'रण' में इन दिनों ताबड़तोड़ रैलियों का दौर जारी है। सत्ताधारी दल सत्ता में बने रहने के लिए तो, विपक्ष वापसी करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है। इसी कड़ी में प्रयागराज के फूलपुर में राहुल-अखिलेश की एक रैली आयोजित की गई थी। इसमें हंगामा होने से दोनों नेता रैली को संबोधित किए बिना वापस लौट गए। मिली जानकारी के मुताबिक रैली में शामिल होने आए कार्यकर्ता बैरिकेडिंग को फांदकर स्टेज के करीब पहुंच गए। इसके बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव मंच पर नेताओं से मुलाकात कर रैली को संबोधित किए बिना ही वापस लौट गए।

इस संबंध में वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों दलों के कार्यकर्ता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए मंच की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान मंच से लगातार अपील की जाती रही कि कार्यकर्ता धैर्य बनाए रखें, लेकिन भीड़ बैरिकेडिंग को फांदकर मंच के करीब पहुंच गई। फूलपुर लोकसभा सीट से भाजपा ने पार्टी के फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बनाया है। इंडिया गठबंधन ने इस सीट से सपा नेता अमरनाथ मौर्य को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, बसपा ने जगन्नाथ पाल और अपना दल (कमेरावादी) ने महिमा पटेल को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है।

**पांचवां चरण** | मतदान सिर्फ हमारा हक ही नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी भी है

## कलाकारों ने मुंबईवासियों से की वोट की अपील

एजेंसी

**मुंबई ।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिए सोमवार को वोटिंग होगी। इसके तहत देशभर के 6 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेश की 49 लोकसभा सीटों पर वोटिंग की जाएगी, जिनमें महाराष्ट्र की 13 लोकसभा सीट भी शामिल हैं। ऐसे में बॉलीवुड हस्तियों ने मुंबई वालों से बड़ी संख्या में वोट करने की अपील की है। बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मुंबईवासियों से 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा, 20 मई को आपको अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करने और अपना प्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलेगा। यह अवसर पांच साल में मिलता है। इस अवसर को न जाने दें। क्योंकि हर वोट मायने रखता है। एक्टर सुनील शेट्टी ने एक वीडियो मैसेज में कहा, "नमस्कार, मैं हूं सुनील शेट्टी और आज मैं आपसे बहुत जरूरी बात करने आया हूं। 20 मई यानी सोमवार को मुंबई में वोटिंग है। वोटिंग न सिर्फ हमारा हक है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। एक नागरिक होने के नाते मैं अपना वोट डालने जरूर जाऊंगा और आप सभी से यही विनती है कि कृपया आप भी वोटिंग सेंटर्स में जाइये और अपना वोट जरूर डालें।"






### दोस्तों वक्त आ गया है मतदान का...

आयुष्मान खुराना ने कहा, लोकसभा चुनाव कई चरण में हो रहा है और अब आपकी बारी है। हर वोट महत्वपूर्ण है, क्योंकि आप तय करेंगे कि देश को कौन से लीडर्स सही दिशा दिखाएंगे। आपका वोट आपकी आवाज है, तो वोट करें और अपनी आवाज को गिनती में शामिल करें, क्योंकि मिलकर हम अपने देश का उज्जवल भविष्य बना सकते हैं। मतदान आपका फर्ज है। चलिए चुनाव के इस पर्व में हम सब हिस्सा लें। जय हिंद..." शिल्पा शेट्टी ने कहा, "मैं आप सभी से अपील करती हूं कि जितने भी मुंबई में रहने वाले लोग हैं, जो वोटिंग कर सकते हैं, कृपया मतदान केंद्र जाएं और वोट डालें, क्योंकि वोटिंग आपका हक है और इस हक का पूरा-पूरा फायदा उठाइये। सिंगर विशाल ददलानी ने कहा, "मैं अभी फिलहाल मुंबई से बाहर हूं, लेकिन, सोमवार सुबह मैं मुंबई वापस आऊंगा और वोट डालूंगा, क्योंकि, वोट करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अगर आप वोट नहीं डालते हैं तो आप अपने नेताओं से सवाल करने का हक खो देते हैं, इसलिए वोट जरूर करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com